
# ज़िम्मेदारी से काम करें: Meta की आचार संहिता

लोगों को सुरक्षित रखने और एक सकारात्मक असर छोड़ने की बुनियाद




Meta



# कंटेंट


**03 परिचय**

04 मार्क ज़करबर्ग का मैसेज

05 हमारे सिद्धांत Meta की बुनियाद हैं

**10 एक-दूसरे का साथ देना**

11 विविधता, निष्पक्षता और समावेश की भावना अपनाना

13 सभी के प्रति दया और सम्मान का भाव रखना

15 कामकाज के माहौल को सुरक्षित बनाना

17 ईमानदार और पारदर्शी बनना

20 Meta की गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखना

23 Meta की एसेट को सुरक्षित रखना

**25 लोगों की सुरक्षा करना और उन्हें सशक्त बनाना**

26 Meta पर हर जगह ज़िम्मेदार डेटा व्यवहार लागू करना

28 ज़िम्मेदारी से काम करना

31 पेमेंट प्लेटफ़ॉर्म को सुरक्षित रखना

**33 प्रतिस्पर्धा करना और मिल-जुलकर काम करना**

34 व्यापार के वैश्विक कानूनों का पालन करना

36 कड़ी प्रतिस्पर्धा करना, पर सही तरीके से

38 थर्ड पार्टियों के साथ पूरी ज़िम्मेदारी से मिलकर काम करना

**41 दुनिया से जुड़ना**

42 वित्तीय इंटीग्रिटी के साथ आगे बढ़ना

44 इनसाइडर ट्रेडिंग नहीं करना

46 खुलकर और स्पष्ट रूप से बातचीत करना

48 रिश्वत और भ्रष्टाचार को रोकना

51 गिफ़्ट और मनोरंजन देना और लेना

53 सरकारी और राजनीतिक संस्थाओं के साथ ज़िम्मेदारी से इंटरैक्ट करना

55 लोगों के साथ-साथ पर्यावरण का पूरा ध्यान रखने वाली दुनिया बनाना

58 अनुपालन और आचार संहिता के अन्य पहलू

59 हमारे मिशन को पूरा करना सबकी ज़िम्मेदारी है

# Meta की आचार संहिता: ज़िम्मेदारी से काम करने में हमारी मदद करें

## Meta को एक ज़रूरी मिशन को पूरा करने के लिए बनाया गया है : लोगों को कम्युनिटी बनाने और दुनिया को करीब लाने का साधन देना.

हमारी पहुँच और प्रभाव को देखते हुए यह ज़रूरी है कि हम बेहतर स्टैंडर्ड बनाए रखने के अपने वादे को पूरी ज़िम्मेदारी से निभाएँ और यह ध्यान रखें कि हम सकारात्मक बदलाव लाने वाले, लोगों को सुरक्षित रखने वाले और सभी के काम आने वाले प्रोडक्ट और प्रोग्राम बनाएँ.

आचार संहिता हमारे हर कार्य की बुनियाद है. इससे Meta के लिए काम करने वाले हर व्यक्ति को अपनी ज़िम्मेदारियाँ समझने में मदद मिलती है और उन्हें ज़िम्मेदारीपूर्वक काम करने की ताकत मिलती है. इसमें कुछ ऐसे कानूनी नियम समझाए गए हैं, जिनका हमें पालन करना चाहिए और साथ ही ऐसे बेहतर स्टैंडर्ड भी बताए गए हैं, जिन पर हमें कायम रहना चाहिए. हालाँकि इसमें उन सभी परिस्थितियों के बारे में नहीं बताया गया है, जो रोज़ाना के कामकाज में आपके सामने आ सकती हैं, लेकिन कोई भी ऐसी परिस्थिति आने पर, जहाँ आप फ़ैसला न कर पाएँ या फ़ैसला लेना मुश्किल हो, आपको आचार संहिता की ही मदद लेनी चाहिए.



# मार्क ज़करबर्ग का मैसेज

Meta पर हम ऐसे प्रोडक्ट और अनुभव बनाते हैं, जो लोगों को कम्युनिटी बनाने और दुनिया को करीब लाने का ज़रिए बनते हैं.

इसके साथ ही हमारी एक-दूसरे के प्रति, जिन कम्युनिटी को हम सर्विस देते हैं, उनके प्रति और दुनिया के प्रति ज़िम्मेदारी बढ़ जाती है. मेरा मानना है कि इस ज़िम्मेदारी को अपनाकर हम बेहतर ढंग से कुछ नया बना सकते हैं — और एक बेहतर कंपनी बन सकते हैं.

हम किस तरह काम करें और किस तरह से फ़ैसले लें, इस बारे में हमारी अपेक्षाएँ इस आचार संहिता में बताई गई हैं. जब भी हमारे मन में कोई सवाल या दुविधा हो और हम सही-गलत का फ़ैसला न कर पा रहे हों, तब हमें इसकी मदद लेनी चाहिए.

हमारा काम बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए यह ज़रूरी है कि हम सभी अपने कामों में बेहतर स्टैंडर्ड को बनाए रखने पर ध्यान दें. इसी कारण से मैं चाहता हूँ कि Meta का हर व्यक्ति — सभी लीडर, मैनेजर, हर एक योगदानकर्ता, अस्थायी कर्मचारी — हमारी आचार संहिता का पालन करे, अन्य लोगों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करे और बेझिझक मदद माँगे या सवाल पूछे.

आइए, ज़िम्मेदारीपूर्वक काम करने के लिए इस आचार संहिता का उपयोग करें.

धन्यवाद,

मार्क

# हमारे सिद्धांत Meta की बुनियाद हैं

आचार संहिता हमारे सिद्धांतो पर आधारित है, जो ऐसी मान्यताएँ हैं जिन्हें हम गंभीरता से निभाते हैं और जो हमारी सोच को दर्शाते हैं. उनसे हमें यह मार्गदर्शन पाने में मदद मिलती है कि हम हर दिन के फ़ैसले किस तरह से लें.



## Meta में पाँच सिद्धांत हमारे काम में मार्गदर्शन करते हैं:

1 लोगों को अभिव्यक्ति का मंच देना—हम ऐसे प्रोडक्ट और प्रोग्राम बनाते हैं, ताकि हर कोई अपने अनुभव बताने, कुछ शेयर करने, दूसरों से जुड़ने, अपनी बात समझाने और अपनी ज़िंदगी को बेहतर बनाने के लिए—अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उपयोग कर सके.

2 कनेक्शन और कम्युनिटी बनाना — क्योंकि हम लोगों की उस क्षमता पर भरोसा करते हैं, जो उन्हें साथ आने पर मिल सकती है, इसलिए हम लोगों को एक-दूसरे से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

3 हर व्यक्ति को सेवा देना—अगर आपको लोगों की क्षमताओं पर भरोसा है, तो आपको इस बात का ध्यान रखना होगा कि आपकी ओर से हर व्यक्ति को समान अवसर मिलें.

4 लोगों को सुरक्षित रखना और उनकी प्राइवेसी की रक्षा करना—हम अपनी सभी कम्युनिटी को नुकसान से बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

5 आर्थिक अवसर को बढ़ावा देना—लोग हर रोज़ क्षमतावान बनने और अपने जीवन में, अपनी कम्युनिटी में और अपने संगठन के लिए आर्थिक अवसर बढ़ाने हेतु, हमारे टूल का उपयोग करते हैं और एक-दूसरे से जुड़ते हैं.

# हम सभी से यह अपेक्षित है कि हम इस आचार संहिता का पालन करें

साथ मिलकर काम करके पूरी दुनिया पर अपना प्रभाव बनाने के हमारे तरीके का मुख्य आधार यही आचार संहिता है, साथ ही यही हमें बताती है कि हमारे सिद्धांतों पर चलने की ज़िम्मेदारी हमारी है — जो कि बेहद ज़रूरी है.

Meta के पूरे कर्मचारी — कंपनी के प्रमुख लोगों से लेकर प्रशिक्षु कर्मचारियों तक — को इस आचार संहिता का पालन करना और इसे कायम रखना चाहिए. आचार संहिता का उल्लंघन करने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें नौकरी या असाइनमेंट से निकाले जाने और आर्थिक दंड देने तक की कार्रवाई भी हो सकती है.

## यह आचार संहिता इन पर लागू होती है:

| ऑडियंस | परिभाषा | आचार संहिता में उपयोग की गई शब्दावली |
|---|---|---|
| Meta | दुनियाभर में मौजूद Meta की सभी सहायक कंपनियों और एफ़िलिएट समेत उससे जुड़ी सभी चीज़ें (जैसे कि Meta Platforms Ireland Limited, Instagram, WhatsApp आदि) | Meta कंपनी |
| Meta के कर्मचारी | Meta के निदेशक मंडल के मेंबर्स, अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ अस्थायी कर्मचारी (वेंडर कर्मचारियों, ठेकेदारों और सलाहकारों सहित) | Meta के कर्मचारी<br>“हम”/“हमें”/“हमारे”<br>“एक-दूसरे” |

# Meta के कर्मचारी से अपेक्षाएँ

## Meta के कर्मचारी से अपेक्षा है कि वे:

- Meta के सिद्धांतों और वैल्यू के अनुसार काम करने के साथ इस आचार संहिता और कंपनी की पॉलिसी की अपेक्षाओं के अनुसार चलें.
- कानून के अनुसार, ईमानदारी से, नैतिक रूप से और हमेशा Meta और हमारे Meta यूज़र्स के हित में काम करें.
- ज़रूरी ट्रेनिंग पूरी करें, आचार संहिता का उपयोग करें और कोई सवाल या समस्या होने पर अपनी बात रखें.
- कंपनी की जाँच में पूरा सहयोग करें, जिसमें गोपनीयता, भागीदारी और ईमानदारी से जुड़ी ज़रूरतें शामिल हैं.
- आचार संहिता, Meta की पॉलिसी या कानून के संभावित उल्लंघन के बारे में अच्छे इरादे से रिपोर्ट करने वाले या जाँच में सहयोग करने वाले किसी भी व्यक्ति से बदला न लें.

## वहीं, Meta का नेतृत्व करने या उसे मैनेज करने वाले कर्मचारी से अपेक्षा है कि वे:

- इस बात का ध्यान रखते हुए मिसाल पेश करें कि हमारे व्यवहार और फ़ैसलों का असर अन्य लोगों पर पड़ता है, जिसमें आचार संहिता और कंपनी की पॉलिसी का पालन करने के महत्व का समर्थन करना भी आता है.
- कामकाज के ऐसे सकारात्मक माहौल को बढ़ावा दें और उसे बनाए रखें, जहाँ सभी लोग जुड़ाव महसूस करने के साथ सही काम कर सकें और कोई सुझाव, फ़ीडबैक या चिंता होने पर अपनी बात रख सकें — इसका मतलब है कि उनके सवाल और समस्याओं को सुनना और ज़रूरत पड़ने पर आगे बढ़ाना.
- कानून, आचार संहिता या कंपनी की पॉलिसी का उल्लंघन होने या उल्लंघन की आशंका होने पर तुरंत रिपोर्ट करें.



# अपनी बात रखना और मदद पाना

## आपकी राय महत्वपूर्ण है.

अगर आपको कानून, आचार संहिता या Meta की किसी पॉलिसी का उल्लंघन होता नज़र आता है या उल्लंघन होने की आपको आशंका है, तो उसके बारे में आपका आवाज़ उठाना बेहद ज़रूरी है. सवाल पूछने या आवाज़ उठाने के लिए ज़रूरी नहीं है कि आपके पास उस बारे में सारी जानकारी या विवरण हो.

अपनी पसंद का कोई भी चैनल या रिसोर्स उपयोग करके आपको बिना किसी झिझक के सवाल पूछना या किसी समस्या की रिपोर्ट करना चाहिए. आप इस बात का भरोसा कर सकते हैं कि आपके सवाल या समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उन्हें तुरंत और ज़्यादा से ज़्यादा गोपनीय तरीके से सुलझाया जाएगा.



## आप अपनी समस्या इनके सामने कभी भी रख सकते हैं:

- आपके मैनेजर या कोई अन्य मैनेजर
- विधिक या अनुपालन और आचार टीम का सदस्य
- आपका मानव संसाधन (HR) बिज़नेस पार्टनर
- आपका कर्मचारी संबंध (ER) बिज़नेस पार्टनर
- आंतरिक ऑडिट
- प्राइवेसी से जुड़ी समस्याओं के मामले में **प्राइवेसी रिपोर्ट टूल**
- अस्थायी कर्मचारियों के लिए, आपकी कंपनी की इशू एस्केलेशन प्रोसेस और/या HR संपर्क सूत्र (POC) के ज़रिए
- आप Meta के संबंधित रिपोर्टिंग सिस्टम SpeakUp के ज़रिए रिपोर्ट सबमिट कर सकते हैं जो कई मामलों में नाम बताए बिना रिपोर्ट करने की सुविधा देता है:
  - **fb.integrityline.com** पर जाएँ
  - **+1-877-564-9619 पर** कॉल करें
  - **business.att.com/collateral/access.html** पर उपलब्ध डायरेक्ट एक्सेस कोड के बाद +1-877-564-9619 डायल करें और ऑपरेटर के निर्देशों का पालन करें

उपलब्ध रिसोर्स और नाम बताए बिना रिपोर्ट करने के विकल्पों के बारे में अप-टू-डेट जानकारी के लिए **व्हिसल ब्लोअर और शिकायत पॉलिसी** पर जाएँ.

अगर आपके पास संहिता के संबंध में कोई सवाल है, आपको किसी विषय या समस्या के बारे में सलाह चाहिए या अगर आप यह जानना चाहते हैं कि किसी चिंता की रिपोर्ट कैसे की जाए, तो सहायता के लिए कृपया **अनुपालन और आचार हम** (FTE के लिए) या अस्थायी कर्मचारियों के लिए पीपल पोर्टल या **CWquestions@** (CW के लिए) पर जाएँ.

## आगे क्या होगा: जाँच

जब Meta को किसी कानून, इस आचार संहिता या Meta की किसी पॉलिसी का उल्लंघन होने की आशंका के बारे में पता चलता है, तो कंपनी कार्रवाई करेगी. इसमें अक्सर निष्पक्ष, उद्देश्यपूर्ण और गहन जाँच करना शामिल है. Meta उस मामले से जुड़े हर पहलू का पता समय पर लगाने और यह काम निष्पक्ष रूप से करने की पूरी कोशिश करेगा, साथ ही लागू कानूनों और नियमों का अनुपालन करते हुए गोपनीयता को बनाए रखने की पूरी कोशिश करेगा.

यह सुनिश्चित करने के लिए कि हम एक सार्थक जाँच कर सकें, आपको कहे जाने पर कंपनी की जाँच में भाग लेना होगा, गोपनीयता संबंधी शर्तों का पालन करना होगा, सच्चाई और ईमानदारीपूर्ण व्यवहार करना होगा और पूछे गए सवालों का पूरा जवाब देना होगा.

अगर हमारी जाँच में उल्लंघन होने की बात साबित होती है या फिर ऑडिट या जाँच के दौरान किसी व्यक्ति का झूठ सामने आ जाता है, तो हम उचित कार्रवाई करते हैं, जिसमें नौकरी से निकालने और आर्थिक दंड लगाने तक की अनुशासनात्मक कार्रवाई होती है और अगर ज़रूरत पड़े, तो कानून लागू करने वाली संस्था को भी मामला रेफ़र किया जाता है.

## बदला लेने की भावना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा


गलत चीज़ों के खिलाफ़ बोलना हर बार आसान नहीं होता है, लेकिन ऐसा करना ही हमेशा सही रहता है और Meta में हम लोगों से यही उम्मीद करते हैं. इसी कारण, **व्हिसलब्लोअर और शिकायत पॉलिसी** के तहत, हम ऐसे किसी भी व्यक्ति के खिलाफ़ बदले की भावना को बर्दाश्त नहीं करते जो:

- किसी कानून, आचार संहिता या कंपनी की पॉलिसी के उल्लंघन की आशंका होने पर नेक इरादे के साथ अपनी चिंता जाहिर करता है, ऐसा करने का इरादा दिखाता है या Meta के अन्य कर्मचारियों को ऐसा करने में सहयोग देता है
- किसी जाँच में शामिल होता है

## Meta की अनुपालन टीम के साथ मिलकर काम करना

अनुपालन और आचार टीम, आज के जटिल मामलों को सुलझाने और भावी जटिलताओं का अनुमान लगाने में Meta में हर किसी का साथ देती है.

Meta के लिए काम करते समय ज़िम्मेदारीपूर्वक फ़ैसले लेने के टूल, रिसोर्स, अनुपालन संपर्क और मार्गदर्शन पाने के लिए **अनुपालन और आचार हब** पर जाएँ. सहायता के लिए अनुपालन और आचार टीम से बेझिझक संपर्क करें.



# एक-दूसरे के साथ ज़िम्मेदारीपूर्वक काम करना

कनेक्शन और कम्युनिटी बनाने के लिए हमें पहले अपनी आंतरिक कम्युनिटी में ही इसकी शुरुआत करनी चाहिए.



**इस सेक्शन के विषय हैं:**

| | |
|---|---|
| विविधता, निष्पक्षता और समावेश की भावना अपनाना | 11 |
| सभी के प्रति दया और सम्मान का भाव रखना | 13 |
| कामकाज के माहौल को सुरक्षित बनाना | 15 |
| ईमानदार और पारदर्शी बनना | 17 |
| Meta की गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखना | 20 |
| Meta की एसेट को सुरक्षित रखना | 23 |

# विविधता, निष्पक्षता और समावेश की भावना अपनाना

हम विविधता वाला, निष्पक्ष और समावेशी कार्यस्थल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहाँ सभी को जुड़ाव महसूस हो और वे अपनी असल पहचान के साथ काम करने के लिए सशक्त महसूस करें.

ऐसा करने से वे अपनी प्रतिभा, विचारों और नज़रिए के ज़रिए स्वतंत्र रूप से योगदान दे पाते हैं. हम सबसे बढ़िया प्रोडक्ट बनाने के लिए अपनी सामूहिक विविधता का उपयोग कर सकते हैं, हम जिस ग्लोबल कम्युनिटी को सेवा देते हैं, उसके लिए एकदम सही फ़ैसले ले सकते हैं और सभी को सार्थक अनुभव दे सकते हैं. Meta ऐसे प्रोग्रामों का पता लगाकर उनका उपयोग करता है, जो ऐसे कुशल और अनुभवी कर्मचारियों की नियुक्ति, विकास और उन्हें अपने से जोड़े रखने में सहयोग देंगे.



## विविधता, निष्पक्षता और समावेश की भावना अपनाने का मतलब है कि हम:

- योग्यता और कौशल के आधार पर रोज़गार देने, पदोन्नति करने और कर्मचारियों से जुड़े सभी व्यवहारों में निष्पक्षता रखने के साथ ही समान अवसरों को बढ़ावा देने की कोशिश करें
- लोगों और उनकी परिस्थितियों के बीच की विभिन्नताओं का सम्मान करें और **कानूनी रूप से सुरक्षित किसी भी विशिष्टता** के आधार पर भेदभाव या उत्पीड़न बर्दाश्त न करें.
- सुझावों, रायों और सोचने के उन तरीकों का स्वागत करें, जो आपके सोचने के तरीकों से अलग हो सकते हैं (जिसे बौद्धिक विविधता कहा जाता है), वहीं बहिष्कार करने वाले व्यवहारों पर रोक लगाएँ, ऐसे व्यवहारों में अपने से अलग लोगों और समूहों के प्रति कटुता रखना, उन्हें धमकाना और उनके साथ कार्यस्थल पर हिंसा करना, उत्पीड़न करना, भेदभाव करना और अलग-थलग करना शामिल हो सकता है
- जाने-अनजाने रूप से हमारे द्वारा किए जाने वाले पक्षपातों का पता लगाकर कार्यस्थल पर समावेशी और सम्मानजनक माहौल को बढ़ावा दें, समावेशन की बाधाओं को दूर करें, सामंजस्य और सही व्यवहार के लिए लोगों से जुड़ी प्रक्रियाओं और कंपनी की कार्यप्रणालियों में समग्र निष्पक्षता पर ध्यान दें, मददगार साथी बनें और अन्य लोगों की मदद के लिए मौजूद रहें
- समावेश और विविधता से जुड़ी पहलों के बारे में दी जाने वाली जानकारी के ज़रिए हमारे कर्मचारियों की शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक भलाई को लेकर काम करें

और मार्गदर्शन:

- **रोज़गार के समान अवसर से जुड़ी पॉलिसी**
- **उत्पीड़न संबंधी पॉलिसी**
- **विविधता, निष्पक्षता और समावेश**

## Meta में विविधता

Meta ऐसा समावेशी कार्यस्थल बनाने की कोशिश करता है, जहाँ Meta के सभी कर्मचारी जुड़ाव महसूस करें और उन्हें उनकी असल पहचान और उन्हें दूसरों से अलग बनाने वाली बातों के लिए अहमियत मिले. Meta इन बातों के आधार पर किए जाने वाले भेदभाव पर रोक लगाता है:

- जाति, रंग, नस्ल या राष्ट्रीय मूल
- उम्र
- धर्म या धार्मिक पंथ (या मान्यता)
- यौन संबंध, जिसमें गर्भावस्था, प्रसव, स्तनपान, प्रजनन स्वास्थ्य से जुड़े फ़ैसले या उससे संबंधित बीमारियाँ आती हैं
- सेक्शुअल ओरिएंटेशन
- लिंग, लैंगिक पहचान, लैंगिक अभिव्यक्ति, ट्रांसजेंडर स्टेटस या यौन रूढ़िवादिता
- राष्ट्रीयता, इमिग्रेशन स्टेटस, नागरिकता या वंशावली
- वैवाहिक स्थिति
- संरक्षित सैन्य या वेटरन स्टेटस
- शारीरिक या मानसिक अक्षमता, बीमारी, अनुवांशिक तथ्य या विशेषताएँ (या परिवार के किसी व्यक्ति की ऐसी स्थितियाँ)
- राजनैतिक विचार या गतिविधि
- घरेलू हिंसा, यौन हमले के पीड़ित या पीछा करने से परेशान व्यक्ति के रूप में किसी का स्टेटस
- लागू कानून के तहत किसी अन्य आधार पर लगाया गया प्रतिबंध

## Meta की विविधता, निष्पक्षता और समावेश से जुड़ी स्ट्रेटेजी

**तलाशना**

विविधता के मामले में समृद्ध टीमें बनाने में मदद पाने के लिए हम कई अलग-अलग तरह के बैकग्राउंड और अनुभव वाले योग्य व्यक्तियों को नियुक्त करते हैं. इससे हमें एक-दूसरे के कई अलग-अलग तरह के अनुभवों और नज़रियों का लाभ मिलता है. साथ ही ऐसे प्रोडक्ट और सर्विस ऑफ़र करने में मदद मिलती है, जो वाकई में सभी के हिसाब से तैयार किए गए हों.

**आगे बढ़ते रहना**

ऑनबोर्डिंग से लेकर परफ़ॉर्मेंस मैनेज करने और कम्युनिटी को शिक्षित करने से जुड़े प्रोग्राम उपलब्ध करवाने तक, हम लोगों को पेशेवर और व्यक्तिगत रूप से आगे बढ़ने में मदद करने के लिए नियमित रूप से मदद और रिसोर्स देते हैं. हम उन लोगों की मदद करते हैं, जो अपनी क्षमताओं के साथ अपना कौशल बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि टीम के लिए ऐसा समावेशी माहौल बना सकें, जहाँ हर किसी को जगह मिले, उन्हें सुना जाए और अहमियत दी जाए. Meta और तकनीक से जुड़ी इंडस्ट्री, एक ऐसी जगह होना चाहिए जहाँ हर किसी का स्वागत हो और जहाँ हर किसी को सफल होने का अवसर मिले.

**एकीकरण करना**

प्रोडक्ट तैयार करने, पॉलिसी बनाने, और हमारी ग्लोबल कम्युनिटी के लोगों को सबसे अच्छी सेवा देने के लिए हमें अपने हर काम में विविधतापूर्ण नज़रिए का उपयोग करना होगा. हम अपने प्रोडक्ट, पॉलिसी, प्रोग्राम और काम करने के तरीके के लिए स्ट्रेटेजी से जुड़ी जानकारी जुटाने हेतु Meta में काम करने वाले लोगों की विविधता का उपयोग करते हैं और फिर उस जानकारी का उपयोग सभी के हिसाब से चीज़ें तैयार करने में करते हैं.

# सभी के प्रति दया और सम्मान का भाव रखना

## सम्मानजनक और समावेशी कम्युनिटी बनाने की ज़िम्मेदारी हम सभी की है, जो Meta में रोज़ाना काम करने वाले लोगों को होने वाले अनुभवों से बनती है.

यह बेहद ज़रूरी है कि Meta कर्मचारी अपने आपको महत्वपूर्ण समझे और सम्मानित महसूस करे, साथ ही उनसे कार्यस्थल और कार्य से संबंधी सभी मौकों पर सही व्यवहार किया जाए, चाहे वह मौका व्यक्तिगत हो या वर्चुअल. कुछ भी शेयर करते समय, फ़ीडबैक देते समय, विचार-विमर्श करते समय और सवाल पूछते समय शिष्टाचार, सम्मान और सौजन्यता का ध्यान रखना हमारी कार्य-संस्कृति और हमारे मिशन की बुनियाद है.

इसी संस्कृति के ज़रिए हमें सही फ़ैसले लेने और दुनियाभर पर सार्थक प्रभाव डालने के लिए ज़रूरी खुलेपन वाला भरोसेमंद माहौल बनाने में मदद मिलती है. Meta किसी भी व्यक्ति का उत्पीड़न, उनके साथ भेदभाव, उन्हें धमकाना, डराना या उनके साथ इसी तरह का कोई व्यवहार किया जाना बर्दाश्त नहीं करता है.



## सभी के प्रति दया और सम्मान का भाव रखने का मतलब है कि हम:

- अपनी कम्युनिटी के हर व्यक्ति के साथ उनकी भूमिका, पद, वरिष्ठता, रोज़गार की स्थिति या कार्यकाल पर ध्यान दिए बिना सम्मान के साथ पेश आएँ
- अन्य लोगों की ज़रूरतों और नज़रिए का ध्यान रखने के साथ यह भी देखें कि हमारे द्वारा कही गई बात और किए गए एक्शन का उन पर क्या असर होता है
- किसी भी व्यक्ति को कभी न धमकाएँ, न ही उनके साथ हिसंक व्यवहार करें या उनके साथ यौन रूप से या अन्य तरीकों से उत्पीड़न न करें
- अन्य लोगों के साथ कभी भी अपमानजनक, डराने-धमकाने, नीचा दिखाने, शर्मिंदा करने का व्यवहार न करें या उनका मज़ाक न उड़ाएँ, साथ ही किसी का उत्पीड़न किए जाने या उन्हें डराए-धमकाए जाने के संकेतों को लेकर सतर्क रहें
- किसी से भी बदला न लें—हर किसी को एक ऐसे माहौल को बढ़ावा देना चाहिए, जहाँ हर कोई बिना किसी डर के अपनी समस्या खुल कर रख सके
- ऐसी किसी भी चीज़ के खिलाफ़ आवाज़ उठाएँ, जो कामकाज के माहौल को सम्मानजनक बनाए रखने से जुड़ी Meta की पॉलिसी का उल्लंघन कर सकती है (ध्यान रखें कि किसी भी मैनेजर को उत्पीड़न पॉलिसी का उल्लंघन होने या उल्लंघन होने की आशंका होने पर तुरंत रिपोर्ट करना चाहिए, 24 घंटे के अंदर ऐसा करना बेहतर है)

और मार्गदर्शन:

- **उत्पीड़न संबंधी पॉलिसी**
- **Meta की व्हिसलब्लोअर और शिकायत से जुड़ी पॉलिसी**
- **कम्युनिटी एंगेजमेंट से जुड़ी अपेक्षाएँ**

## उत्पीड़न क्या है?

उत्पीड़न ऐसा व्यवहार है जो किसी **सुरक्षित विशिष्टता** से जुड़ा होता है, जिससे माहौल अपमानजनक, डरावना, शत्रुतापूर्ण, घटिया या अप्रिय हो जाता है. इसे Meta में कभी भी बर्दाश्त नहीं किया जाता है. ध्यान रखें: उत्पीडन का संबंध उस प्रभाव से है कि लोग किसी एक्शन को किस तरह से लेते हैं, न कि एक्शन के पीछे के इरादे से है. जैसे कि ये इस तरह के हो सकते हैं:

- **कोई व्यक्ति क्या कहता है या लिखता है**, जिसमें जाति, यौन रुचि या लिंग जैसी **सुरक्षित विशिष्टताओं** के आधार पर गालियाँ, चुटकुले या रूढ़िवादिता के साथ-साथ धमकाना, भद्दी या अपमानजनक भाषा का उपयोग करना या व्यवहार करना आता है;
- **कोई व्यक्ति क्या करता है**, जैसे कि अनचाहे रूप से छूना, यौन संबंध बनाने की अपील करना, किसी को चलते-फिरते हुए रोकना, किसी की अनदेखी करना या किसी का जानबूझकर अपमान करना; या
- **कोई व्यक्ति क्या दर्शाता है**, जैसे कि कार्यस्थल पर भद्दी फ़ोटो या अपमानजनक वाक्य दिखाना या उन्हें इलेक्ट्रॉनिक रूप से शेयर करना. इसमें किसी व्यक्ति के बारे में किसी अन्य व्यक्ति के साथ भेदभावपूर्ण या अनुचित पोस्ट शेयर करना भी आता है.

**सवाल:**
मेरे नए मैनेजर दोस्ताना और जिज्ञासू किस्म के हैं. शायद उन्हें लगता हो कि उनका मिज़ाज दोस्ताना है, लेकिन मेरे निजी जीवन के बारे में उनके द्वारा पूछे जाने वाले सवालों से मुझे असहज महसूस होता है. हमारी पहली 1:1 मीटिंग में उन्होंने मुझसे पूछा था कि क्या मैं शादीशुदा हूँ और मेरे बच्चे हैं. माना कि वे मुझे बेहतर तरीके से जानने और हमारे बीच अच्छे संबंध बनाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मेरी संस्कृति के हिसाब से साथी कर्मचारियों के साथ अपने निजी जीवन के बारे में बात करना आम नहीं है. मैंने उनके सवाल को उस समय तो टाल दिया, लेकिन हाल ही में हुई टीम की सोशल मीटिंग में पूरे ग्रुप के सामने उन्होंने मुझसे वही सवाल फिर से पूछा. मैंने जवाब दिया कि मुझे कामकाज के दौरान अपने निजी जीवन के बारे में बात नहीं करना पसंद है. तब उन्होंने कहा कि, “अगर आपको यह सवाल नाराज़ करता है, तो शायद आप इस टीम के लिए सही नहीं हैं. आप अब अमेरिका में हैं और हम बस आपको थोड़ा-बहुत जानना चाहते हैं.” मैंने अपनी टीम को मेरी पारिवारिक स्थिति के बारे में बताया, लेकिन मेरे मैनेजर की टिप्पणी से मुझे वाकई शर्मिंदगी महसूस हुई. मैं क्या कर सकता/सकती हूँ?

**जवाब:**
**हालाँकि आपके मैनेजर का इरादा नेक हो सकता है, लेकिन आपको असहज या शर्मिंदा महसूस नहीं करवाया जाना चाहिए था, ख़ास तौर पर तब, जब आपने यह स्पष्ट कर दिया हो कि आपको अपने निजी जीवन के बारे में बात करना पसंद नहीं है. Meta पर इसके लिए कोई जगह नहीं है. हम किसी टिप्पणी या एक्शन से जुड़े इरादे के बजाय उससे पड़ने वाले प्रभाव पर ध्यान देते हैं. अपनी समस्याएँ बताने के लिए किसी अन्य मैनेजर, कानूनी विभाग, अपने HR बिज़नेस पार्टनर या कर्मचारी रिलेशन बिज़नेस पार्टनर या SpeakUp से संपर्क करें. इनमें से कोई भी विकल्प का उपयोग करने पर हम आपकी समस्या सुलझाने में मदद कर पाएँगे. आप पर बदले की भावना के साथ कोई भी कार्रवाई नहीं होने दी जाएगी.**

# कामकाज के माहौल को सुरक्षित बनाना

## हम जहाँ भी काम करें, वहाँ अपनी सुरक्षा और कामकाज के सही तरीकों का ध्यान रखें, ताकि हम और हमारे साथी कर्मचारी बिना किसी परेशानी के काम कर सकें.

चाहे किसी ऑफ़िस में काम कर रहे हों, ऑफ़िस जा रहे हों या वहाँ के लिए यात्रा कर रहे हों, घर पर हों, लैब में हों, डेटा सेंटर पर हों या दुनिया में कहीं भी हों, सुरक्षित और स्वस्थ रहने से बढ़कर कुछ भी नहीं है. हम एक-दूसरे की सेहत की परवाह करते हैं; हम ऐसी स्थितियाँ बनाना चाहते हैं, जहाँ आपको कोई नुकसान न पहुँचे और आप अपना काम अच्छे से कर सकें.



## कामकाज के माहौल को सुरक्षित बनाए रखने का मतलब है कि हम:

- लागू होने वाली कामकाज के मौहाल, स्वास्थ्य और सुरक्षा पॉलिसी, गाइडलाइन और कानूनों का पालन करें
- उस माहौल और उन कम्युनिटी की रक्षा करें, जिनमें हम काम करते हैं और बिज़नेस चलाते हैं
- अवैध ड्रग, नियंत्रित पदार्थों या ऐसे किसी अन्य पदार्थ के नशे में काम न करें, जिससे सुरक्षा या प्रदर्शन कमज़ोर हो सकते हैं
- काम से जुड़े ईवेंट में या सहकर्मियों के साथ शराब का सेवन करने के लिए दूसरों पर दबाव न डालें या किसी के दबाव में न आएँ; अगर आप कामकाज से जुड़े किसी ईवेंट के दौरान शराब का सेवन करते हैं, तो कृपया ज़िम्मेदारी से करें
- यात्रा करने संबंधी कंपनी की पॉलिसी का अनुपालन करें और कंपनी की ट्रैवल मैनेजमेंट प्रोसेस (जैसे CWT) का फ़ायदा उठाएँ
- अगर कोई कर्मचारी या विज़िटर ऐसा व्यवहार कर रहा है जो धमकी का संकेत हो या हिंसक काम हो, तो उचित विवेक का उपयोग करें और तुरंत अपनी चिंताओं की रिपोर्ट करें
- विज़िटर, कंपनी के परिसरों की एक्सेस और Meta के कर्मचारी के बैज के उपयोग समेत भौतिक सुरक्षा से संबंधित कंपनी की हर पॉलिसी का पालन करें

और मार्गदर्शन:

- **विज़िटर पॉलिसी**
- **पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित पॉलिसी**
- **ड्रग-फ़्री कार्यस्थल की पॉलिसी**
- **कार्यस्थल हिंसा मैनेजमेंट पॉलिसी**
- **वैश्विक पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित Wiki**
- **ग्लोबल ट्रैवल सपोर्ट**



**सवाल:**
मेरे बाहरी पार्टनर्स का एक ग्रुप, मेरे ऑफ़िस की इमारत विज़िट करने आ रहा है. मेरे पार्टनर्स मुझसे पूछ रहे हैं कि क्या वे ऑफ़िस विज़िट के दौरान फ़ोटो और वीडियो ले सकते हैं. साथ ही जब मैं अपने दोस्तों को बिल्डिंग में ले जा रहा/रही था/थी, तो बिना बैज वाले एक व्यक्ति के लिए मैंने दरवाजा खोलकर रखा था, वह व्यक्ति मेरे ग्रुप का नहीं था. क्या ऐसा किया जा सकता है?

**जवाब:**
**विज़िटर बिल्डिंग के बाहर फ़ोटो या वीडियो ले सकते हैं, जैसे कि कैफ़े के अंदर, लॉबी में, फ़ोटो लेने के लिए बनाई गई जगहों पर (जैसे कि छोटे कमरे) और लिविंग Facebook वॉल के सामने, बशर्ते कि कोई गोपनीय जानकारी दिखाई न दे रही हो. विज़िटर Meta की वर्कस्पेस, कॉन्फ़्रेंस रूम में या लैपटॉप या व्हाइट बोर्ड के पास खड़े होकर फ़ोटो या विडियो नहीं ले सकते हैं.**

**विज़िटर, दरवाज़ों पर लगे बैज रीडर्स या सुरक्षा कैमरों की फ़ोटो भी नहीं ले सकते. हम नहीं चाहते हैं कि कोई व्यक्ति गोपनीय जानकारी बाहरी लोगों के साथ या सार्वजनिक रूप से हमारी सहमति या जानकारी के बिना शेयर करे. अलग से, Meta ऑफ़िस में जब आप किसी विज़िटर को आमंत्रित करते हैं, तो सिर्फ़ रजिस्टर्ड मेहमानों को ही अपने साथ अंदर लाएँ—भले ही दूसरे लोगों के लिए दरवाज़ा खोल कर रखना शिष्टाचार के लिहाज से सही लगता हो, लेकिन इससे हमारे परिसर की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा हो सकता है. अगर किसी विज़िटर के साथ कोई कर्मचारी न हो, तो वैश्विक सुरक्षा को इसकी रिपोर्ट करें.**

**सवाल:**
मैं अपने साथी कर्मचारी को लेकर चिंतित हूँ. मैंने हमेशा उन्हें दोस्ताना, भरोसेमंद और टीम के एक बेहतरीन साथी के रूप में देखा है. हालाँकि, पिछले कुछ महीनों से उनका व्यवहार बदला-बदला सा है: वे अब चुप रहने लगे हैं, कभी-कभी असामान्य और आक्रामक लगते हैं, साथ ही ज़रूरी काम समय पर पूरे नहीं कर पाते हैं. मैं टीम को संभालते हुए यह कैसे सुनिश्चित करूँ कि वे ठीक हैं?

**जवाब:**
**हम अपने लोगों और उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत की परवाह करते हैं. इस तरह के मामलों को बहुत ही ध्यान से संभालना चाहिए, साथ ही आपको इस बारे में कोई भी कदम उठाने से पहले अपने HR बिज़नेस पार्टनर या कर्मचारी रिलेशन बिज़नेस पार्टनर से संपर्क करना चाहिए. अगर आप इस बात को लेकर चिंतित हैं कि वे अपने आप को या अन्य लोगों को नुकसान पहुँचाने की स्थिति में पहुँच सकते हैं, तो आपको तुरंत GSOC से संपर्क करना चाहिए (security@, लाइव चैट या आपके बैज पर दिए फ़ोन नंबर से).**



# ईमानदार और पारदर्शी बनना

## हम निजी हितों या संबंधों से प्रभावित हुए बिना Meta के हिसाब से सही फ़ैसले लेने के लिए हितों के टकरावों से बचते हैं.

हम सभी के अपने निजी हित होते हैं, जो हमें यूनिक बनाते हैं और हम Meta को लाभ पहुँचा पाते हैं. फिर भी, जब बात Meta के लिए काम करने या उसका प्रतिनिधित्व करने की आती है, तो हम सबसे ज़्यादा महत्व Meta को देते हैं. अपने निजी हितों और संबंधों के कारण Meta के हितों का टकराव होने या ऐसा लगने की स्थिति में हमें हमेशा सबसे बेहतर संभव निर्णय लेना चाहिए और ऐसी स्थिति से बचना चाहिए, जैसे सेल्फ डीलिंग करना या प्रतिस्पर्धी में निवेश करना.

**नोट:** Meta का निदेशक मंडल समय-समय पर बोर्ड के सदस्यों के रूप में उनकी भूमिका के चलते बनने वाली विशेष परिस्थितियों को सुलझाने के लिए निदेशकों के हितों के टकराव के संबंध में अलग-अलग पॉलिसी अमल में ला सकता है. इस तरह की कोई भी पॉलिसी लागू होने की सीमा तक, ऊपर बताए गए हितों के टकराव से जुड़े नियमों की जगह ले लेगी.

और मार्गदर्शन:

- **हितों के टकराव से जुड़ी पॉलिसी**
- **हितों के टकराव से जुड़ा टूल**
- **हितों के टकराव से जुड़ी जानकारी**

## ईमानदार बनने और पारदर्शिता रखने का मतलब है कि हम:

- हम सभी इस बात को समझते हैं कि Meta के बिज़नेस का दायरा व्यापक है और लगातार बदलता रहता है, जिसका मतलब है कि हितों के संभावित टकराव की परिभाषा भी बदलती रहती है.
- खुद यह तय न करें कि हितों का टकराव हो रहा है या नहीं. जब बाहरी गतिविधियों की वजह से हितों का टकराव होने की बात आती है, तो नीचे उपलब्ध हितों के टकराव से जुड़े अतिरिक्त मार्गदर्शन की मदद लें, अपने मैनेजर से उन परिस्थितियों पर बात करें और फिर हितों के टकराव से जुड़े टूल के ज़रिए उस टकराव के रिव्यू की रिक्वेस्ट सबमिट करें. इससे पहले कि आप इनमें से कोई भी सुविधा का उपयोग करें, हितों के टकराव से जुड़े टूल के ज़रिए परमिशन लें.
- किसी भी पर्सनल कनेक्शन या परिवार के लोगों को Meta में अपने पद का निजी तौर पर लाभ लेने न दें या हमारे फ़ैसले लेने की प्रक्रिया को अनुचित तरीके से प्रभावित करने न दें या अनुचित रूप से प्रभावित करने का आभास भी न होने दें.
- रोज़ाना बेहतर से बेहतर काम करने की कोशिश करें, किसी बाहरी काम को इस बिज़नेस के लिए अपने योगदान में रुकावट न बनने दें.
- इस बात का ध्यान रखें कि Meta की संपत्ति, जानकारी या आपके पद का उपयोग करते हुए खोजे गए बिज़नेस के अवसरों का उपयोग निजी फ़ायदे के लिए नहीं होना चाहिए.
- उन स्थितियों को पहचानें, जहाँ आपके हितों के साथ Meta के हितों का टकराव होने की आशंका है.
- हितों के टकराव से जुड़े टूल के ज़रिए तुरंत वास्तविक, संभावित या कथित हितों के टकरावों का खुलासा करें.
- बाहर की किसी ऐसी एक्टिविटी में एंगेज होने से बचें जिसे रिव्यू की ज़रूरत होती है, जबकि रिक्वेस्ट का मूल्यांकन किया जा रहा हो.
- इस बात का ध्यान रखें कि हितों के टकराव के मामले में प्रशिक्षु और अस्थायी कर्मचारियों की प्रक्रिया और शर्तें अलग हो सकती हैं; अगर इस बारे में कोई भी समस्या है, तो कृपया अपने मैनेजर या CW के असाइनमेंट मैनेजर से बात करें.

## क्या मेरी ओर कोई हितों का टकराव हो रहा है?

हितों का टकराव तब होता है, जब हमारे या कुछ मामलों में हमारे परिवार के लोगों के बिज़नेस, वित्तीय या निजी गहरे संबंध हमसे जुड़े इन लोगों से होते हैं (ये हमसे वर्तमान या पूर्व में जुड़े हो सकते हैं या फिर इनके हमसे जुड़ने की संभावना हो):

- **कस्टमर और सप्लायर**
- **नियामक**
- **प्रतिस्पर्धी और अन्य थर्ड पार्टियाँ**
- **कंपनी के अनुदान या दान के लाभार्थी**
- **Meta के कर्मचारी**

यहाँ उन परिस्थितियों से जुड़े कुछ उदाहरण दिए गए हैं, जहाँ वास्तविक, संभावित या कथित हितों के टकराव की स्थिति बन सकती है और इसका खुलासा किया जाना चाहिए:

- परिवार के किसी व्यक्ति, करीबी दोस्त या घनिष्ठ साथी को Meta में या Meta के सप्लायर या पार्टनर ने जहाँ उन्हें नियुक्ति किया है, वहाँ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सुपरवाइज़ करना
- Meta के किसी कर्मचारी के स्वामित्व वाले या उससे संबंधित बिज़नेस की सेवा लेना या उसके साथ मिलकर काम करना
- इस संगठन के अलावा कहीं और नौकरी, बिज़नेस करना, किसी अन्य कंपनी के साथ जुड़कर उन्हें सलाह देना
- पढ़ाना या रिसर्च में शामिल होना
- किसी राजनीतिक दल में कोई पद लेना या चुनाव में खड़ा होना
- सार्वजनिक रूप से कारोबार करने वाली कंपनी द्वारा जारी किए गए कुल शेयरों में 2% से ज़्यादा का निवेश
- ऐसी प्राइवेट कंपनियों में निवेश करना, जो Meta की मौजूदा प्रतिस्पर्धी हैं या प्रतिस्पर्धी बन सकती हैं या उनके Meta के साथ बिज़नेस रिलेशनशिप हैं
- किसी वेंचर केपिटल फ़ंड के पोर्टफ़ोलियो वाली कंपनियों में सलाहकार के रूप में सेवा देना या फ़ंड के निवेश के बारे में सलाह देना
- बाहर के किसी गैर-लाभकारी संगठन के मेंबर या लाभकारी संगठन के निदेशक मंडल या सलाहकार बोर्ड के रूप में सेवाएँ देना




## मैं चिंतित हूँ कि मेरी वजह से कोई हितों का टकराव हो सकता है - मुझे क्या करना चाहिए?

1 अपने मैनेजर से अपने संभावित हितों के टकराव के बारे में बात करें या अनुपालन और आचार टीम से मार्गदर्शन माँगें.

2 अगर आपको लगता है कि कोई निजी हित या एक्टिविटी के कारण Meta के हितों में हस्तक्षेप हो सकता है या आपको ऐसा होने की आशंका है, तो आपको **टकराव से संबंधित टूल** के ज़रिए हितों के टकराव की रिक्वेस्ट पूरी करके उसे सबमिट करना होगा — ध्यान रहे कि माँगी गई सभी जानकारी उपलब्ध करवाई गई हो.

3 आपका मैनेजर या हितों के टकराव की जाँच करने वाली टीम आपकी रिक्वेस्ट का रिव्यू करेगी और आगे के चरणों के लिए आपसे संपर्क करेगी. आपके मैनेजर और टकराव से संबंधित टीम द्वारा दिए गए मार्गदर्शन का पालन करें.

4 अगर कंपनी के बाहर आपके एंगेजमेंट को मंजूरी मिल जाती है और आपको एक औपचारिक एग्रीमेंट करने को कहा जाता है, तो सर्विस एग्रीमेंट के परिशिष्ट की ज़रूरत पड़ सकती है.

# Meta की गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखना

## हम गोपनीय जानकारी का अनुचित उपयोग या खुलासा नहीं करते हैं.

Meta के बाहर या उन लोगों के सामने गोपनीय जानकारी का खुलासा (या "लीक करना") करना, जिन्हें इसकी ज़रूरत किसी वैध उद्देश्य के लिए नहीं है, Meta के बिज़नेस पर गंभीर असर डाल सकता है और वह गैर-कानूनी हो सकता है. जैसे कि जानकारी लीक होने से Meta पर ज़िम्मेदारी आ सकती है या प्रतिद्वंद्वियों को प्रोडक्ट की स्ट्रेटेजी मिल सकती है; इसके चलते हम पर मुकदमा भी हो सकता है या हमारे सहयोगियों के काम को नुकसान पहुँच सकता है, या यहाँ तक कि सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है. Meta की गोपनीय जानकारी को ऐसी आंतरिक या बाहरी पार्टियों के साथ शेयर करने, जिन्हें वैध रूप से यह जानकारी जानने की ज़रूरत नहीं है, से भी Meta की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँच सकता है और Meta की सेवाओं का उपयोग करने वाले लोग, हमारे सहयोगियों, थर्ड पार्टी और कम्युनिटी समेत अन्य लोगों का भरोसा टूट सकता है.

## Meta की गोपनीय जानकारी सुरक्षित रखने का मतलब है कि:

- यह समझें कि Meta ने इस कंपनी की पॉलिसी में **गोपनीय जानकारी** को किस तरह परिभाषित और वर्गीकृत किया है
- Meta की या किसी थर्ड पार्टी की गोपनीय, मालिकाना, प्रतिस्पर्धी या अन्य संवेदनशील जानकारी को Meta के सिस्टम्स के बाहर (जैसे किसी थर्ड पार्टी को; अपनी बाहरी ड्राइव, डिवाइस या अकाउंट पर; या थर्ड पार्टी लार्ज लैंग्वेज मॉडल टेक्स्ट प्रॉम्प्ट पर) तब तक सबमिट, प्रकट या अन्यथा ट्रांसमिट न करें जब तक कि आपके पास कानूनी विभाग या आपके प्राइवेसी XFN से ऐसा करने की स्पष्ट परमिशन न हो
- आंतरिक रूप से गोपनीय जानकारी सिर्फ़ उन लोगों के अलावा और किसी से शेयर न करें, जिन्हें उस जानकारी की ज़रूरत कंपनी से जुड़े उनके कामकाज में है
- थर्ड पार्टी की गोपनीय जानकारी पर काम करते समय NDA या लागू एग्रीमेंट की शर्तों का पालन करें, जिसमें थर्ड पार्टी की गोपनीय जानकारी को किसी अन्य थर्ड पार्टी से शेयर करने की अगर माँग की जाती है, तो उनसे लिखित सहमति लेना भी आता है
- पूर्व नियोक्ता या संस्था से संबंधित किसी भी गोपनीय मालिकाना जानकारी को Meta पर न लाएँ और न ही शेयर करें
- अगर Meta छोड़ते हैं, तो Meta की कोई भी गोपनीय जानकारी अपने साथ न ले जाएँ और अगर अनजाने में ऐसा हो जाता है, तो उसे तुरंत वापस कर दें
- काम से संबंधित कम्युनिकेशन, डॉक्यूमेंट और टूल से उन लोगों को हटा दें जो अब कंपनी के साथ काम नहीं करते
- Meta के बिज़नेस से संबंधित जिन विषयों पर आप बात कर रहे हैं, उनके बारे में प्रेस की पूछताछ को **Press@** पर भेजना याद रखें. आपके Meta की ओर से प्रेस से बात नहीं करनी चाहिए या उसके प्रतिनिधि के रूप में बात करने का सुझाव या आशय नहीं देना चाहिए. यह पॉलिसी हमारी कम्युनिटी के मेंबर्स को अमेरिका में वेतन, फ़ायदों या नियमों और शर्तों के संबंध में प्रेस या अन्य कर्मचारियों के साथ संरक्षित संयुक्त एक्टिविटी में शामिल होने से नहीं रोकती और यह उसके लिए लक्षित नहीं है.
- अपने रोज़गार से जुड़े एग्रीमेंट में बताए गए अपने उत्तरदायित्वों को समझें
- अनधिकृत ऑडियो या इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्डिंग न करें

और मार्गदर्शन:

- **बाहरी एंगेजमेंट से संबंधित पॉलिसी**
- **डेटा को हैंडल करने की गाइडलाइन**
- **इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन पॉलिसी**
- **डेटा के वर्गीकरण का स्टैंडर्ड**
- **डेटा शेयर करने से जुड़ा स्टैंडर्ड**
- **ग्लोबल ऑडियो रिकॉर्डिंग पॉलिसी**

## गोपनीय जानकारी के उदाहरण क्या हैं?

Meta पर कौन-सी जानकारी गोपनीय है, उसके कुछ उदाहरण यहाँ दिए गए हैं. अगर आप तय नहीं कर पा रहे हैं कि किसी जानकारी को गोपनीय माना जाए या नहीं, तो उसे गोपनीय मानते हुए विधिक टीम से अतिरिक्त मार्गदर्शन देने की अपील करें
या अतिरिक्त मार्गदर्शन के लिए अपने कॉन्फ़िडेंशियल इन्फ़र्मेशन एंड इन्वेंशंस असाइनमेंट एग्रीमेंट (CIIAA)/गोपनीयता एग्रीमेंट की सलाह लें.

- मालिकाना डेटा
- ट्रेड सीक्रेट
- प्रोडक्ट के प्लान
- नई खोजें
- लैबोरेटरी नोटबुक
- प्रक्रियाएँ
- डिज़ाइन
- ड्रॉइंग
- तकनीक या इंजीनियरिंग से जुड़े निर्देश

- Meta के यूज़र का डेटा
- कस्टमर या सप्लायर की लिस्ट
- Meta के कर्मचारियों का डेटा (आपके खुद के डेटा या उन लोगों के डेटा के अलावा जिसे शेयर करने के लिए आप अधिकृत हैं)
- प्रोटोटाइप
- हार्डवेयर
- वित्तीय जानकारी
- बजट


- कीमत
- बिज़नेस के प्लान या बिज़नेस से जुड़ी अन्य जानकारी
- कंटेंट से जुड़े फ़ैसलों के बारे में होने वाली आंतरिक बातचीत
- कंटेंट रिव्यू की प्रोसेस में शामिल सभी विशिष्ट कर्मचारियों या अस्थायी कर्मचारियों की पहचान

**सवाल:**
मैं Meta का एक सेल्स मैनेजर हूँ. किसी संभावित ई-कॉमर्स क्लाइंट ने शुरुआती मीटिंग के बाद आगे बात करने के लिए संपर्क किया है. एक संभावित क्लाइंट मुझसे ऐसा डेटा माँग रहा है जिससे वह अपने CEO को विज्ञापन खर्च बढ़ाने के लिए मना पाए. यह डेटा इस तरह का हो सकता है कि हमारे मौजूदा ई-कॉमर्स क्लाइंट्स ने अपना विज्ञापन खर्च बढ़ाकर किस तरह सफलता पाई. यह मेरी टीम की बहुत बड़ी सफलता साबित होगी, इसलिए मुझे लगता है कि डेटा देना ठीक रहेगा.

**जवाब:**
**Meta के बिज़नेस और रिलेशनशिप को बढ़ाना ज़रूरी है. हालाँकि, हमें गोपनीय जानकारी को सुरक्षित रखने के महत्व का ध्यान रखना होगा. इस मामले में अगर Meta और ई-कॉमर्स के अन्य क्लाइंट के बारे में गैर-सार्वजनिक, गोपनीय जानकारी शेयर की जाती है, तो ऐसा करना खतरनाक साबित हो सकता है. बिना किसी विशिष्ट परमिशन और नॉन डिस्क्लोज़र एग्रीमेंट के ऐसा डेटा शेयर नहीं किया जा सकता, जो पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध नहीं है.**

# डेटा लीक होने से हम सभी का नुकसान होता है.

गोपनीय जानकारी का लीक होना, फिर वो चाहे जानबूझकर किया हो या अनजाने में, उससे कंपनी की आंतरिक रूप से गोपनीय तरीके से जानकारी शेयर करने की क्षमता को नुकसान पहुँचता है, जो Meta संस्कृति का आधार है और कंपनी की सफलता की कुंजी है.



नोट: किसी संभावित कानूनी उल्लंघन के संबंध में सीधे तौर पर किसी सरकारी एजेंसी से कम्युनिकेट करना या डॉक्यूमेंट देना "लीक" नहीं कहलाता है, भले ही उसका खुलासा Meta को नहीं किया गया हो. इस तरह की समस्या उठाने वाले किसी भी व्यक्ति को बदले की कार्रवाई से सुरक्षित रखा जाता है.

**आंतरिक गोपनीय जानकारी को किसी भी ऐसे बाहरी या अांतरिक व्यक्ति के साथ शेयर न करें, जिसे कंपनी से जुड़े काम में उसकी ज़रूरत नहीं है. जैसे कि:**

- कंपनी के अंदर होने वाले सवाल-जवाब में, वर्कप्लेस पोस्ट में और कर्मचारियों को शेयर की गई गोपनीय और/या स्वामित्व से जुड़ी जानकारी
- नए प्रोडक्ट के स्क्रीनशॉट
- दोस्तों, परिवार के लोगों, ब्लॉगर्स या Meta के पूर्व कर्मचारी को किसी लॉन्च या लॉन्च नहीं किए फ़ीचर के बारे में संकेत देना
- वित्तीय परफ़ॉर्मेंस और परिणाम
- संभावित विलय, अधिग्रहण या पार्टनरशिप

प्रेस से जुड़ी पूछताछ **Press@** को भेजें

**दुर्घटनावश या अनजाने में गोपनीय जानकारी के शेयर हो जाने को भी डेटा लीक होना माना जाता है.**
"अच्छा इरादा रखने" पर आधारित हमारा अांतरिक नियम यहाँ लागू नहीं होता है. यह तब भी Meta के प्रति हमारे दायित्वों के विपरीत है, जब कोई व्यक्ति गोपनीय जानकारी बाहरी लोगों के साथ या आंतरिक तौर पर ऐसे लोगों के साथ शेयर करता है, जिन्हें अपने काम में उस जानकारी की ज़रूरत नहीं है, फिर भले ही ऐसा गलती से हुआ हो या अच्छे इरादे के साथ किया गया हो.

गोपनीय जानकारी लीक होने के पीछे कोई भी इरादा हो, उस पर ध्यान दिए बिना लीक होने के हर मामले को गंभीरता से लिया जाता है.

**अपने आसपास के माहौल को लेकर सतर्क रहें.**
आपके बैज, विंटेज स्वैग या यहाँ तक कि आपके नए लैपटॉप के स्टिकर से पता चल सकता है कि आप Meta में क्या काम करते हैं, ख़ास कर हमारे ऑफ़िसों के आसपास. गोपनीय जानकारी को अनजाने में लीक होने से बचाने के लिए ऑफ़िस या घर के बाहर काम करते समय अपने आसपास के माहौल को लेकर सतर्क रहें.

- किसी भी सार्वजनिक जगह पर गोपनीय काम से जुड़ी बातचीत न करें.
- अगर आप किसी सार्वजनिक जगह पर काम करना चाहते हैं—जैसे कि प्लेन या ट्रेन में, किसी बगीचे में या किसी कॉफ़ी शॉप पर—तो हमेशा अपने कंप्यूटर पर प्राइवेसी स्क्रीन का उपयोग करें.
- घर से काम करते समय ध्यान रखें कि संवेदनशील या गोपनीय जानकारी किसी के सामने ज़ाहिर न हो.

यहाँ तक कि अपनी कंपनी के परिसर और अपने बिल्डिंग में भी हमें सतर्क रहना चाहिए. विज़िटर या सहकर्मी वहाँ मौजूद हो सकते हैं और ऐसी चीज़ों के बारे में सुन और देख सकते हैं, जिन्हें गोपनीय रखा जाना है.

# Meta की एसेट को सुरक्षित रखना

## हम Meta की एसेट और रिसोर्स का ज़िम्मेदारी से उपयोग और उनकी सुरक्षा करते हैं, ताकि हम सभी लोगों के लिए वाकई महत्वपूर्ण और सुविधाजनक चीज़ें बना सकें.

हम सभी को Meta की एसेट के अच्छे प्रबंधक होना चाहिए चाहे वो कोई भी एसेट हो जैसे भौतिक, डेटा, वित्तीय, तकनीकी या बौद्धिक. Meta की सफलता स्वतंत्र नवीनता, सहयोग और खोज के कारण बनी हुई है. Meta की तेज़ी से आगे बढ़ने और नयापन लाने की क्षमता, संपत्ति, जानकारी और उन विचारों की सुरक्षा पर निर्भर करती है जिनसे हमारी प्रगति को ऊर्जा मिलती है.



## Meta एसेट की रक्षा करने का मतलब है कि हम:

- Meta की बौद्धिक संपदा (IP) और सभी गोपनीय जानकारी की सुरक्षा के लिए एसेट के प्रकार और बिज़नेस स्ट्रेटेजी के आधार पर स्थापित गाइडलाइन का पालन करें
- थर्ड पार्टियों, Meta के कर्मचारी, प्रतिस्पर्धियों और यूज़र सहित सभी के IP अधिकारों और गोपनीय जानकारी का ध्यान रखें
- Meta के एसेट और रिसोर्स का उपयोग ध्यान से और बिज़नेस से संबंधित वैध उद्देश्यों के लिए करें - निजी फ़ायदे के लिए एसेट की चोरी, बर्बादी या उपयोग नहीं किया जाना चाहिए
- सोशल इंजीनियरिंग पर कोशिशों से सावधान रहें
- निजी उपयोग के लिए Meta की एसेट और रिसोर्स का उपयोग करते समय Meta की पॉलिसी और गाइडलाइन का पालन करें
- Meta की ओर से उपलब्ध तकनीकों और Meta बिज़नेस के लिए उपयोग किए जाने वाले निजी डिवाइस की सुरक्षा बनाए रखें
- रिकॉर्ड रखने और रिकॉर्ड रिटेंशन से संबंधित सभी लागू कानूनों, विनियमों और Meta पॉलिसी का अनुपालन करें
- Meta की एसेट के संबंध में धोखाधड़ी या दुरुपयोग के किसी भी संकेत की रिपोर्ट करें

और मार्गदर्शन:

- **जानकारी की सुरक्षा संबंधी पॉलिसी**
- **स्वीकार करने योग्य उपयोग की पॉलिसी**
- **डेटा को हैंडल करने की गाइडलाइन**
- **FTC ऑर्डर रिकॉर्ड मैनेजमेंट पॉलिसी**
- **FTC ऑर्डर रिकॉर्ड रिटेंशन शेड्यूल**
- **Meta की गोपनीय प्रॉपर्टी की सुरक्षा करना**

**सवाल:**
मैंने अभी-अभी Meta में काम करना शुरू किया है. अपने पिछले एंप्लॉयर के यहाँ, मैं एक ओपन-सोर्स प्रोजेक्ट पर काम कर रहा था/रही था और वही काम करते रहने चाहता/चाहती हूँ. मुझे IP और ओपन-सोर्स इनोवेशन के लिए Meta के दृष्टिकोण के बारे में क्या जानना होगा?

**जवाब:**
**Meta, IP डेवलपमेंट के सभी पहलुओं के लिए भारी निवेश करता है, जिससे इनोवेटर और वैश्विक कम्युनिटी के लिए योगदानकर्ता, दोनों के रूप में हमारी निरंतर सफलता सुनिश्चित होती है. स्वतंत्र सहयोग और खोज की क्षमता देने, वैश्विक स्तर पर नयापन लाने की स्थिति को आगे बढ़ाने और तकनीक तक समान पहुँच देने के माध्यम के रूप में, Meta जब संभव हो तब स्वतंत्र रूप से नयापन लाना (ओपन-सोर्स, पब्लिकेशन, आदि) जारी रखता है.**

**स्वतंत्र रूप से नयापन लाने का निर्णय, अलग-अलग कर्मचारी की समझ के बजाय खास बिज़नेस स्ट्रेटेजी और IP के प्रकार पर आधारित है.**

**हमारे IP डेवलपमेंट के प्रभाव को बढ़ाने के लिए, उन स्थापित गाइडलाइन को समझने और उनका पालन करने में हर कर्मचारी की एक महत्वपूर्ण भूमिका होती है, जो Patents विकी पेज पर देखी जा सकती हैं.**

**सवाल:**
मैं अपने एक पूर्व कर्मचारी के जाने से संबंधित विवाद में शामिल रहा/रही हूँ. हमें रोज़गार से जुड़े उसके कुछ रिकॉर्ड ढूँढने में काफ़ी मुश्किल हुई थी. मुझे नहीं पता कि विवाद सुलझा या नहीं, इसलिए मैं अपने कंप्यूटर पर एक फ़ोल्डर में उसके रोज़गार के रिकॉर्ड रख रहा/रही हूँ. मुझे पता है कि क्या हमारे पास रिकॉर्ड रिटेंशन गाइडलाइन हैं या क्या हमें एक निश्चित समय के बाद कुछ रिकॉर्ड डिलीट कर देने चाहिए. मुझे नहीं पता कि मुझे क्या करना चाहिए?

**जवाब:**
**जब तक आपको लीगल होल्ड न मिला हो, तब तक हमारी रिटेंशन पॉलिसी का पालन करना और रिकॉर्ड को संभावित रूप से डिलीट कर देना उचित है. बहुत लंबे समय तक रिकॉर्ड रखने से संवेदनशील और गोपनीय जानकारी को एक्सेस और उसका दुरुपयोग किए जाने का जोखिम हो सकता है. हमारा ऐसी जानकारी डिलीट करने का कानूनी दायित्व भी हो सकता है जिसकी अब ज़रूरत नहीं है, जैसे कि निजी डेटा या बिज़नेस पार्टनर की ओर से मिलने वाली गोपनीय जानकारी. हमारे शेड्यूल के अनुसार रिकॉर्ड बनाए रखने से, आप हमारे रिकॉर्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम को मज़बूत बनाते हैं और Meta को सुरक्षित रखते हैं. जारी मुकदमे या अन्य विवादों से संबंधित जानकारी बनाए रखने के लिए लीगल होल्ड के सभी निर्देशों का पालन करें. अगर आप तय न कर पाएँ कि क्या करना है, तो आपको मार्गदर्शन के लिए हमारी ई-डिस्कवरी और जानकारी संचालन टीम (infogov@) से संपर्क करना चाहिए.**

**क्या आप जानते हैं?**

हमारी ई-डिस्कवरी और जानकारी संचालन टीम, रिकॉर्ड रिटेंशन और लीगल होल्ड के लिए विश्वसनीय रिसोर्स है. आम तौर पर, अन्य जानकारी के साथ, इस तरह की जानकारी, रिकॉर्ड रिटेंशन और लीगल होल्ड संबंधी उत्तरदायित्वों के अधीन हो सकती हैं:

- ईमेल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन, जिसमें Workplace, WhatsApp और अन्य मैसेजिंग ऐप शामिल हैं
- Wiki या आंतरिक संदर्भ अथवा जानकारी शेयर करने के अन्य प्लेटफ़ॉर्म पर प्रकाशित जानकारी
- हार्ड ड्राइव या क्लाउड रिपॉज़िटरी में स्टोर किए गए डॉक्यूमेंट जिनमें Google Docs, SharePoint, OneDrive और Dropbox शामिल हैं
- व्यवस्थित और अर्ध-व्यवस्थित रिपॉज़िटरी में स्टोर किया गया डेटा जिनमें Hive शामिल है

# जिन लोगों को हम सशक्त बनाते हैं, उनके लिए ज़िम्मेदारी से काम करना

Meta के प्रोडक्ट और सर्विस का उपयोग करने वाले लोगों के लिए निर्माण करने का मतलब लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देना, प्राइवेसी की रक्षा करना और लोगों को सुरक्षित रखना है.




**इस सेक्शन के विषय हैं:**


| | |
|---|---|
| Meta पर हर जगह ज़िम्मेदार डेटा व्यवहार लागू करना | 26 |
| ज़िम्मेदारी से काम करना | 28 |
| पेमेंट प्लेटफ़ॉर्म को सुरक्षित रखना | 31 |

# Meta पर हर जगह ज़िम्मेदार डेटा व्यवहार लागू करना

Meta, लोगों की प्राइवेसी का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है. ज़िम्मेदार डेटा व्यवहार अपनाकर हम एक-दूसरे के साथ और Meta के यूज़र के साथ विश्वास बनाए रख पाते हैं और अपने कानूनी दायित्वों का पालन कर पाते हैं.

चाहे हम नए प्रोडक्ट बना रहे हों, अनुभवों में सुधार कर रहे हों या किसी थर्ड पार्टी को मैनेज कर रहे हों, सभी के लिए Meta के प्राइवेसी से संबंधित उत्तरदायित्वों और प्रतिबद्धताओं को समझना और उनका ध्यान रखना ज़रूरी है. प्राइवेसी के लिए प्रतिबद्ध होने का मतलब है जवाबदेही स्थापित करना, प्राइवेसी को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन करना और यह सुनिश्चित करना कि हमें सौंपे गए डेटा की प्राइवेसी और सुरक्षा बनी रहे. हम अपने सभी कार्यों में प्राइवेसी को बढ़ाते, बदलते और अपनाते रहते हैं.



## Meta पर हर जगह ज़िम्मेदार डेटा व्यवहार लागू करने का मतलब है कि हम:

- **आंतरिक पि ाइवेसी पॉलिसी** सहित Meta की परधाइवेसी से जुि ि़कार्यपरधणालियों और प लिसीको समझेंऔर उ नका पालन करें
- एक कंमनी केतौर पर, अपनेपरधोडकधट और संचालन ों में हमारे कर्मचारि य ों सहित सभी लोग ों केनिजी डेटा और जानकारी को कलेकधट, उपयोग, शेयर और स टोर करनेकेतरीकों को धयानमें रखें - और इस बात को भी कि हम इसके मिलने पर इसेकैसेसंभालेंऔर सुरकध क्षतरखें
- सिर्फ़ वही डेटा शेयर करें जो उद्देश्य केलिए वरूरी और सही हो और सुनिश्चित करें कि श्धयकिधत की परमिशन के बिना संवेदनशील निजी जानकारी शेयर न की जाए
- प्राइवेसी को ध्यान में रखतेहुए डिज़ाइन करते हैं, जिसका कुछ हद तक यह मतलब है कि लोग ों को उस डेटा से जुड़े विकल्प देना जो हमने उनके बरे में एकत्र किया या बनाया है, जिसमें, संभव और उचित होने पर उनके डेटा की एक्सेस और उसका कंट्रोल शामिल करना तथा उनके द्वारा चुने गए विकल्प ों को ध्यान में रखना शामिल है
- स्पष्ट रूप से बताए गए उद्देश्यों का समर्थन करने के लिए, डेटा को केवल हमारे लिए ज़रूरी न्यूनतम मात्रा में कलेक्ट करें, बनाएँ, एक्सेस और उपयोग करते है - हम यूज़र के डेटा की अनुचित एक्सेस को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करते
- किसी भी ऐसे नए या संशोधित प्रोडक्ट, सेवा या व्यवहार के लॉन्च से पहले ज़रूरी प्राइवेसी रिव्यू पूरे करें जिनमें यूज़र का डेटा कलेक्ट, उपयोग या शेयर किया जाता है; हमारे प्राइवेसी और डेटा सुरक्षा व्यवहारों के बाहरी प्रदर्शन से पहले भी ऐसा करना ज़रूरी है
- सुनिश्चित करें कि हमारी प्राइवेसी रिव्यू प्रोसेस और हमारी कंपनी के प्राइवेसी से संबंधित व्यवहार, प्राइवेसी की आठ अपेक्षाओं के अनुसार हों
- उन ईवेंट को लेकर उचित प्रतिक्रिया दें जो यूज़र के उस डेटा की गोपनीयता, इंटीग्रिटी या उपलब्धता को कम करते हैं जिसके लिए Meta ज़िम्मेदार है
- यह सुनिश्चित करने के लिए कंपनी की प्राइवेसी से जुड़ी कार्यप्रणालियों का नियमित रूप से मूल्यांकन करें कि हम खुद की, हमारे हितधारकों की और हमारे नियामकों की अपेक्षाओं को पूरा करें
- आंतरिक टूल का उपयोग देखभाल कर और सावधानी से करें, वो भी सिर्फ़ हमारे काम के लिए ज़रूरी होने पर और व्यक्तिगत लाभ अथवा पहचाने जाने या जुर्माने से बचने में यूज़र की सहायता करने के लिए कभी भी नहीं

और मार्गदर्शन:

- **आंतरिक प्राइवेसी पॉलिसी**
- **प्राइवेसी Wiki**
- **यूज़र डेटा एक्सेस पॉलिसी**

**सवाल:**
मैं Meta के सेल्स डिपार्टमेंट में एक अस्थायी कर्मचारी हूँ. मेरा दोस्त टॉम एक बार्बरशॉप कोरस के Facebook पेज का एडमिन है. टॉम ने मुझसे इसलिए संपर्क किया क्योंकि उसकी किसी एक परफ़ॉर्मेंस का वीडियो हटा दिया गया था और टॉम को समझ नहीं आया कि ऐसा क्यों हुआ. टॉम ने मुझे अपने साइन-इन क्रेडेंशियल दिए और मुझे यह देखने को कहा कि क्या मैं समस्या का आंकलन करने के लिए उसकी ओर से लॉग इन करके कंटेंट को रीस्टोर करने के लिए आंतरिक टूल उपयोग कर सकता/सकती हूँ. चूँकि टॉम के वीडियो का मेरे काम से कोई लेना-देना नहीं है, क्या यह ठीक होगा कि मैं उसका कंटेंट रीस्टोर कर दूँ?

**जवाब:**
**आपको किसी और व्यक्ति के अकाउंट में लॉग इन करने के लिए उनके क्रेडेंशियल उपयोग नहीं करना चाहिए या किसी दोस्त के अकाउंट से काम नहीं करना चाहिए. आपके पास ऐसे यूज़र डेटा की एक्सेस है जो आपके जॉब के लिए प्रासंगिक नहीं था. इसके अलावा, आपने उस कंटेंट को रीस्टोर कर रहे हैं जिसे हटा दिया गया था.**

**दोस्तों से Meta के बारे में बात करना ठीक है लेकिन आप किसी यूज़र का डेटा एक्सेस नहीं कर सकते हैं, अपने जान-पहचान के लोगों का भी. अगर किसी दोस्त या परिवार के किसी सदस्य को अपने Facebook या Instagram अकाउंट को लेकर कोई समस्या है तो आप सहायता पाने के लिए fburl.com/oops पर एक फ़ॉर्म सबमिट कर सकते हैं. Meta में यूज़र डेटा की अनुचित एक्सेस बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाती, भले ही आपने नेक इरादे से ऐसा किया हो.**

**सवाल:**
मुझे हाल ही में एक नई टीम में ट्रांसफ़र किया गया है. मेरे नए मैनेजर ने सिस्टम एक्सेस करने की उन अतिरिक्त परमिशन के लिए IT को रिक्वेस्ट भेजी है, जो मेरे नए जॉब के लिए ज़रूरी होंगी. अपने पिछले रोल में और टीम से मिली एक्सेस परमिशन का मुझे क्या करना चाहिए?

**जवाब:**
**आपको IT या अपने मैनेजर को यह बताना चाहिए कि आपके पास अपनी पुरानी परमिशन अभी भी हैं. आपको अब उन सिस्टम और एप्लिकेशन को एक्सेस नहीं करना चाहिए जो आपके नए रोल के लिए ज़रूरी नहीं हैं. एक्सेस करते रहने का मतलब यह होगा कि आप ऐसी गोपनीय जानकारी देख सकते/सकती हैं जिसे अब आपको बिज़नेस के उद्देश्यों के लिए देखने की ज़रूरत नहीं है.**

**क्या ज़रूरी है, यह तय करने के लिए मौजूदा और नई एक्सेस परमिशन के बारे में चर्चा करना, आप और आपके मैनेजर, दोनों की ज़िम्मेदारी है.**

**यह ज़रूरी है कि Meta के कर्मचारियों के पास सिर्फ़ उस डेटा की एक्सेस हो जो जॉब से जुड़ी उनकी मौजूदा ज़िम्मेदारियों को पूरा करने के लिए आवश्यक है.**



"प्राइवेसी का सही उपयोग हमारी पूरी कंपनी में एक निरंतर और सामूहिक निवेश है और इस मिशन को आगे बढ़ाना Meta के लिए काम करने वाले हर व्यक्ति की ज़िम्मेदारी है."

– **मिशेल प्रोती,**
मुख्य प्राइवेसी अधिकारी

# ज़िम्मेदारी से काम करना

## Meta अपने सभी निर्माण के ज़रिए लोगों और समाज पर हमारे सकारात्मक प्रभाव को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है.

जैसे-जैसे हम ज़्यादा लोगों तक पहुँचेंगे और नए प्रोडक्ट तथा प्रोग्राम बनाते रहेंगे, वैसे-वैसे सोच-समझकर प्रोडक्ट बनाने की ज़रूरत ज़्यादा व्यापक और अधिक जटिल होती चली जाएगी. नई खोज करना ही काफ़ी नहीं है. हम सभी से यह अपेक्षा करते हैं कि हम जो भी निर्माण करें, उसमें संभावित नुकसान का पूर्वानुमान लगाने और उन्हें कम करने का हर संभव प्रयास करते हुए ज़िम्मेदारी से नई खोज करें.



## ज़िम्मेदारी से नई खोज करने का मतलब है कि हम:

- लोगों, कम्युनिटी और समाज पर होने वाले कई तरह के संभावित प्रभावों पर आगे रहकर विचार करें, जिसमें हम ज़िम्मेदारी के विभिन्न आयामों को देखें, जैसे कि समावेश, सुरक्षा, प्राइवेसी, मानव और नागरिक अधिकार आदि
- पहले ही संभावित नुकसानों पर ध्यान देकर उनका समाधान करें और अक्सर प्रोडक्ट डेवलपमेंट की पूरी प्रोसेस के दौरान भी ऐसा करें और मानवाधिकार सम्यक तत्परता आकलन करें
- काम शुरू करने से लेकर उसे लागू करने तक, नागरिक अधिकार विश्लेषण करें, जैसे यह तय करना कि क्या उपेक्षित कम्युनिटी का हमारी पॉलिसी, प्रोडक्ट और व्यवहारों के साथ अनुभव अलग है
- अपने फ़ैसलों में मदद पाने के लिए विशेषज्ञों की राय लें, विविध दृष्टिकोण पर ध्यान दें और Meta पर हमारे लिए उपलब्ध रिसोर्स और टूल का उपयोग करें
- संतुलन बनाने की चर्चा करने और जोखिम कम करने के लिए रिव्यू और कार्यालयीन समय, जैसे प्राइवेसी रिव्यू, इंटीग्रिटी XFN रिव्यू, नागरिक अधिकार और कार्यालयीन समय और ज़िम्मेदार AI कार्यालयीन समय में एंगेज हों
- Meta के प्लेटफ़ार्म पर, नफ़रत फैलाने वाली भाषा, उत्पीड़न, बाल शोषण, हिंसा और आतंकवाद के जोखिम जैसे नुकसानदेह कंटेंट और इंटरैक्शन का पता लगाने और उसे हटाने को लेकर तेज़ी से काम करें
- ऐसे प्रोडक्ट डिज़ाइन करें और बनाएँ जो हमारी सभी टेक्नोलॉजी पर सुरक्षा, प्राइवेसी, गरिमा और समानता को प्राथमिकता देते हैं
- ज़रूरी होने पर उचित चेतावनियाँ दें और हमारे प्रोडक्ट्स के सुरक्षित और ज़िम्मेदारी से उपयोग करने के स्पष्ट निर्देश दें

और मार्गदर्शन:

- **सोच-समझकर नई खोज करने संबंधी Meta रियल्टी लैब्स**
- **ज़िम्मेदारी से काम करने संबंधी Wiki**
- **नागरिक अधिकार Wiki**
- **मानवाधिकार Wiki**

ज़िम्मेदारी से काम करने के आयाम, ऐसे तत्वों का एक विकसित होने वाला समूह है, जो लोगों, कम्युनिटी और समाज के बढ़ने के लिए ज़रूरी है और जिन्हें सुरक्षित रखना Meta प्लेटफ़ॉर्म के लिए ज़रूरी है. ये आयाम हमारी कंपनी के सिद्धांतों के अनुरूप हैं और इन आयामों से Meta के कर्मचारियों को प्रोडक्ट डेवलपमेंट की पूरी प्रोसेस के दौरान पहले से सक्रिय रहते हुए संभावित नुकसान की पहचान करने और उन्हें कम करने के लिए ज़्यादा समग्र दृष्टिकोण अपनाने हेतु एक रूपरेखा मिलती है.

## ज़िम्मेदारी से काम करने के आयाम

### लोगों की आवाज़ का माध्यम बनना

- स्वशासी होना
- लोगों का एंगेजमेंट
- अभिव्यक्ति

### कनेक्शन और कम्युनिटी बनाना

- रचनात्मक चर्चा
- कल्याण

### सभी के काम आना

- पर्यावरणीय स्थिरता
- निष्पक्षता और समावेश

### लोगों को सुरक्षित रखना और प्राइवेसी की रक्षा करना

- प्राइवेसी और डेटा की सुरक्षा
- सुरक्षा

### आर्थिक अवसर को बढ़ावा देना

- आर्थिक सुरक्षा

## क्या आप जानते हैं?

**सुरक्षा, ज़िम्मेदारी से काम करने का एक आयाम है.**

हमने ऐसी विशिष्ट टीम बनाई हैं, जो लोगों को सुरक्षित रखने में मदद करने के लिए बाहरी संगठनों और सरकारी एजेंसियों के साथ पार्टनरशिप करती हैं. उदाहरण के लिए, हमारा कानूनी दायित्व है कि हम गुमशुदा और शोषित बच्चों के लिए राष्ट्रीय केंद्र को बाल शोषण की फ़ोटो से संबंधित कानूनों के किसी भी स्पष्ट उल्लंघन की रिपोर्ट करें.

हमने ऐसी टीम बनाई हैं जो इस कंटेंट का रिव्यू करने, जाँच-पड़ताल के लिए इसे आगे भेजने और रिपोर्ट करने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित हैं, जो इस सामग्री से जुड़े कम से कम लोगों को उजागर करते हुए एक सुरक्षित तरीके से किया जाना चाहिए.

नोट: अगर आपको यह सामग्री दिखाई दे, तो इसे डाउनलोड, फ़ॉरवर्ड या शेयर न करें.

"हम प्रोडक्ट बनाना चाहते हैं... समावेश और समानता के ऐसे लैंस के ज़रिए जो यह सुनिश्चित करे कि हमारे प्रोडक्ट्स से सभी लोगों के जीवन में कुछ नयापन आए."

**–मैक्सिन विलियम्स,**
चीफ़ डाइवर्सिटी ऑफ़िसर



# पेमेंट प्लेटफ़ॉर्म को सुरक्षित रखना

हम दुनियाभर के लोगों की पैसों से संबंधित गतिविधियाँ करने, खरीदारी करने तथा सुविधाजनक और सुरक्षित रूप से दान करने में मदद करते हैं और आपराधिक गतिविधि को रोकने के लिए हमें अपनी ज़िम्मेदारी पूरी करनी चाहिए.

हम लोगों को पेमेंट से जुड़ा सुविधाजनक, सुरक्षित और संगत अनुभव उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध हैं. हम जानते हैं कि अपराधी और गलत इरादे रखने वाले अन्य लोग काले धन को वैध बनाने और आतंकवादियों के लिए पैसों का प्रबंध करने जैसी अवैध गतिविधि करने हेतु ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफ़ॉर्म को टार्गेट करते हैं. हमारे लिए वित्तीय प्रतिबंधों के नियमों का अनुपालन भी ज़रूरी है.

हम विनियमित पेमेंट प्लेटफ़ॉर्म संचालित करते हैं, इसलिए, कानून के तहत हमें सतर्क रहने, कस्टमर/यूज़र की पहचान वेरिफ़ाई करने तथा धोखाधड़ी और संदिग्ध व्यवहार की सावधानीपूर्वक निगरानी करके उन्हें सुरक्षित रखने की ज़रूरत होती है. हम कस्टमर नोटिस तथा समय पर शिकायतों और विवादों का समाधान करने के ज़रिए पारदर्शिता रखते हैं.



## पेमेंट प्लेटफ़ॉर्म को सुरक्षित रखने का मतलब है कि हम:

- कंपनी की पॉलिसी, प्रक्रियाओं और ऐसे आंतरिक कंट्रोल को समझें और उनका पालन करें, जो गलत इरादे वाले लोगों को काले धन को वैध बनाने और अन्य गैर-कानूनी एक्टिविटी करने के लिए पेमेंट प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग करने से रोकने हेतु डिज़ाइन किए गए हैं
- पेमेंट से जुड़ी संदिग्ध एक्टिविटी पर नज़र बनाए रखें, जैसे कि पूरी जानकारी न देने की इच्छा या गेम के प्लेयर और डेवलपर, दानकर्ताओं और धर्मार्थ संगठनों के बीच असामान्य लिंक या एक व्यक्ति से दूसरे के बीच होने वाले पेमेंट तथा अनुपालन और आचार के लिए खतरे के संकेत और संदिग्ध एक्टिविटी की जाँच-पड़ताल करें
- कस्टमर की पहचान वेरिफ़ाई करने की ज़िम्मेदारी लें, जिसे "अपने कस्टमर को जानें" कहा जाता है, ताकि हमें जानकारी हो कि Meta के प्रोडक्ट कौन उपयोग कर रहा है
- संदिग्ध एक्टिविटी की जाँच और रिपोर्टिंग करते समय गोपनीयता बनाए रखें और इस बात का ध्यान रखें कि पेमेंट से संबंधित डेटा को Meta पर आसानी से शेयर न किया जा सके

और मार्गदर्शन:


**Meta फ़िनटेक अनुपालन Wiki**

## काले धन को वैध बनाना क्या है?

काले धन को वैध बनाना आम तौर पर वित्तीय ट्रांज़ेक्शन को संदर्भित करता है, जिसमें आपराधिक संगठनों सहित, अपराधी अपनी आय, सोर्स या अवैध गतिविधियों की प्रकृति को छिपाने का प्रयास करते हैं. आतंकवादियों के लिए पैसों का प्रबंध करना (किसी आतंकवादी संगठन के लिए किसी भी प्रकार की वित्तीय सहायता, चाहे वह अवैध गतिविधि से हो या न हो) को भी काले धन को वैध बनाने से जोड़ा जा सकता है. प्रासंगिक कानूनों के उदाहरणों में अमेरिका का बैंक सिक्रेसी एक्ट (BSA) और आयरलैंड का आपराधिक न्याय (काले धन को वैध बनाना और आतंकवादियों के लिए पैसों का प्रबंध करना) अधिनियम शामिल हैं.

**यह Meta पर कैसे लागू होता है?**

हम कुछ गेम में और Facebook Marketplace की खरीदारियों और दानों के लिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति को पेमेंट करने (“P2P”) की सुविधा देते हैं, जो सभी काले धन को वैध बनाने की एक्टिविटी की निगरानी के अधीन हैं.



**काले धन को वैध बनाने के खतरे के संकेत**
हमें संदिग्ध गतिविधि या लेनदेन के संकेतों पर हमेशा नज़र बनाए रखनी चाहिए. कुछ उदाहरणों में ये शामिल हैं:

**ऐसे ट्रांज़ेक्शन जो किसी यूज़र की साधारण प्रोफ़ाइल से मैच नहीं होते**
ऐसा यूज़र जो आम तौर पर एक महीने में केवल कुछ छोटे लेनदेन करता है (और हमेशा दोस्तों के साथ ही) और अचानक एक नए Meta यूज़र को एक बड़ा पेमेंट करता है

**अकाउंट की जानकारी में बार-बार बदलाव**
जैसे नाम, संपर्क जानकारी और/या पेआउट का विवरण

**चैरिटी से जुड़े दानों के असामान्य पैटर्न**
एक ऐसा धर्मार्थ संगठन जो दान की सामान्य से अधिक एक्टिविटी दिखाता है या एक अकेला दानकर्ता जो थोड़े समय में बार-बार दान करता है

**Meta के प्लेटफ़ॉर्म पर आपराधिक एक्टिविटी के संकेत**
ड्रग्स या हथियारों की बिक्री

# हमारे पार्टनर्स के साथ ज़िम्मेदारी से काम करना

Meta की टेक्नोलॉजी, आर्थिक अवसर को बढ़ावा देती है और काम करने के क्षेत्र को सभी के लिए समान बनाए रखती है. अगर हम प्रतिस्पर्धा करते हैं और निष्पक्ष रूप से साथ मिलकर काम करते हैं तो ही हम ज़िम्मेदारी से काम कर सकते हैं.



**इस सेक्शन के विषय हैं:**

व्यापार के वैश्विक कानूनों का पालन करना 34

कड़ी प्रतिस्पर्धा करना, पर सही तरीके से 36

थर्ड पार्टियों के साथ पूरी ज़िम्मेदारी से मिलकर काम करना 38

# व्यापार के वैश्विक कानूनों का पालन करना

दुनिया भर के कई देशों में ऑफ़िस, लोगों और सुविधाओं के साथ, Meta वैश्विक निर्यात, आयात और प्रतिबंध कानूनों का अनुपालन करने और उनका ध्यान रखने के लिए प्रतिबद्ध है.

हमें कई देशों और संस्कृतियों के तीन अरब से अधिक लोगों को और दर्जनों भाषाओं में सेवाएँ देने पर गर्व है. हम विभिन्न देशों से हार्डवेयर, सॉफ़्टवेयर और तकनीक का लेनदेन करते हैं. हम दुनिया भर में ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, संस्थाओं और लोगों से भी लेनदेन करते हैं. इसका मतलब यह है कि जहाँ हम सेवाएँ देते हैं वहाँ लागू सीमा शुल्क, व्यापार और प्रतिबंधों के कानूनों और विनियमों का सम्मान करना हमारा कर्तव्य है.



## व्यापार के वैश्विक कानूनों का पालन करने का मतलब है कि हम:

- यह सुनिश्चित करने के लिए लोगों, कंपनियों और देशों की उचित रूप से जाँच करें कि हमसे लागू प्रतिबंधों या व्यापार प्रतिबंधों का उल्लंघन न हो
- अंतरराष्ट्रीय व्यापार और बहिष्कार विरोधी सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करें, जिनमें अमेरिका और अन्य देशों से सामानों का आयात और निर्यात होने, सेवाओं और उनसे तकनीकी डेटा लेने या उन्हें देने से संबंधित कानून और विनियम शामिल हैं
- अगर हमें लगता है कि तकनीकी डेटा या हार्डवेयर का अनुचित आयात या निर्यात हो सकता है, तो ट्रेड लीगल को रिपोर्ट करें
- प्रतिबंधित या एम्बार्गो देशों और पार्टियों से जुड़ने से पहले वैश्विक व्यापार अनुपालन Wiki से सलाह लें या ट्रेड लीगल टीम से संपर्क करें

और मार्गदर्शन:

- **वैश्विक व्यापार अनुपालन पॉलिसी**
- **वैश्विक व्यापार अनुपालन Wiki**
- **प्रतिबंधित देशों की यात्रा संबंधी Wiki**
- **इंटरनेशनल हैंड-कैरी Wiki**
- **TradeLegal@**

## मुझे किन चीज़ों का ध्यान रखना होगा?

इन एक्टिविटी में प्रतिबंध और/या व्यापार का जोखिम सामने आ सकता है:

- बिज़नेस और सप्लायर की पार्टनरशिप
- अंतरराष्ट्रीय शिपिंग और टेक्नोलॉजी के ट्रांसफ़र
- मार्केट रिसर्च
- नियुक्ति के फ़ैसले
- पेनल्टी लगाए गए देशों या पक्षों को किए जाने वाले पेमेंट
- बहिष्कार करने की रिक्वेस्ट जो अमेरिकी कानून द्वारा अधिकृत नहीं हैं
- सामान और सेवाएँ प्राप्त करना



**सवाल:**
मैं एक शादी में शामिल होने के लिए व्यापक प्रतिबंधों के अधीन एक देश की यात्रा कर रहा/रही हूँ. मेरी टीम को एक प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए सख्त समय-सीमा दी गई है और मैं वहाँ रहते हुए काम करना चाहूँगा/चाहूँगी. क्या मुझे Meta द्वारा दिया गया लैपटॉप ले जाना चाहिए?

**जवाब:**
**व्यापक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रतिबंधों के अधीन किसी देश की यात्रा करते समय, अनुपालन और आचार से अग्रिम स्वीकृति की आवश्यकता होती है. यह पेनल्टी लगाए गए देशों या प्रतिबंधित पार्टियों से जुड़े सभी लेनदेन या एक्टिविटी के साथ ही किसी कंपनी के स्वामित्व वाले या उसके द्वारा मैनेज किए जाने वाले डिवाइस को साथ लेकर किसी पेनल्टी लगाए गए देश की यात्रा करने की स्वीकृति पर लागू होता है.**

# कड़ी प्रतिस्पर्धा करना, पर सही तरीके से

## हम अन्य बिज़नेस के साथ अपने प्रोडक्ट और सर्विस की क्वालिटी पर प्रतिस्पर्धा करके सफल होते हैं.

प्रतिस्पर्धा ने ही हमें एक बेहतर और अधिक उन्नतिशील कंपनी बनाया है. प्रतिस्पर्धा कानून, जिन्हें स्पर्धारोधी कानून के नाम से भी जाना जाता है, यह सुनिश्चित करते हैं कि कंपनियाँ प्रतिस्पर्धा को बिना कारण प्रतिबंधित न करें या मार्केट की क्षमता को इस तरह से उपयोग न करें जिससे प्रतिस्पर्धा को नुकसान पहुँचता है.

प्रतिस्पर्धा कानूनों के अनुपालन से हमें जाँच, मुकदमे, जुर्माने, प्रतिबंधों और यहाँ तक कि आपराधिक दंड से बचने में भी मदद मिलती है.



## सही तरीके से प्रतिस्पर्धा करने का मतलब है कि हम:

- अपने प्रतिस्पर्धियों से स्वतंत्र रूप से बिज़नेस के फ़ैसले लें, उनके साथ समझौते या सहयोग में नहीं
- कभी भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्पर्धियों से इन बातों पर सहमत नहीं होते हैं:
  - थर्ड पार्टियों को दिए जाने वाले प्रोडक्ट या सर्विस से संबंधित कीमतों या अन्य शर्तों के किसी भी पहलू को निर्धारित करने के लिए
  - कस्टमर, विज्ञापनदाताओं, क्षेत्रों या प्रोडक्ट के मार्केट को आवंटित करने के लिए
  - किसी विशेष कंपनी के साथ व्यवहार करने से रोकने के लिए (जिसे "सामूहिक बहिष्कार" कहा जाता है)
  - बोली के स्तरों पर या किसी संभावित बिज़नेस पर बोली लगाना है या नहीं
  - (i) उनके (या किसी और के) कर्मचारियों को भर्ती करने या काम पर रखने से या (ii) वेतन या रोज़गार की अन्य शर्तों पर प्रतिस्पर्धा करने से रोकने के लिए
- हम प्रतिस्पर्धियों के साथ प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील जानकारी का आदान-प्रदान या कम्युनिकेशन नहीं करते हैं, जब तक कि कानून द्वारा पहले से स्वीकृति न मिली हो
  - प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील जानकारी में वह जानकारी शामिल होती है जो स्वामित्व संबंधी, गोपनीय या गैर-सार्वजनिक होती है और जो किसी व्यक्तिगत कंपनी के संचालन अथवा यूज़र या अन्य थर्ड पार्टियों के साथ संबंधों से जुड़ी होती है
- Meta के कर्मचारियों को ऐसे गैर-सार्वजनिक डेटा या जानकारी का उपयोग, विज्ञापनदाताओं के प्रोडक्ट्स से प्रतिस्पर्धा करने वाले प्रोडक्ट बनाने में नहीं करना चाहिए जिसे विज्ञापनदाताओं द्वारा Meta की विज्ञापन सेवाओं के उपयोग से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से हासिल किया गया हो, बशर्ते कानूनी विभाग से अग्रिम स्वीकृत हासिल न कर ली गई हो

और मार्गदर्शन:

→ **प्रतिस्पर्धा अनुपालन पॉलिसी**

## मुझे किन चीज़ों का ध्यान रखना होगा?

नीचे दिए गए उदाहरणों में कुछ परिस्थितियों में प्रतिस्पर्धा से संबंधित कानूनी मुद्दे खड़े हो सकते हैं. चूँकि यह कानूनी क्षेत्र और संबंधित मुद्दे जटिल हो सकते हैं, इसलिए इन एक्टिविटी में शामिल होने से पहले कानूनी सलाह लें:

- ऐसी कोई विशेष व्यवस्था करना जिसमें Meta किसी कस्टमर को अन्य किसी भी प्रतिस्पर्धी के बजाय Meta के साथ एग्रीमेंट करने को कहता है
- एक प्रोडक्ट/सर्विस को खरीदने वाले कस्टमर के लिए किसी अन्य प्रोडक्ट/सर्विस की बिक्री (या कीमत) प्रासंगिक बनाना (जिसे "टाइंग" भी कहा जाता है)
- उस कीमत को तय करने का प्रयास करना जिस पर किसी Meta प्रोडक्ट का पुनर्विक्रेता उन प्रोडक्ट को फिर से बेचता है
- बिज़नेस के मान्य कारण के बिना, पहले से बने एक ऐसे संबंध को समाप्त करना जो दूसरी पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है
- किसी ऐसे Meta प्रोडक्ट या सेवा को बंद करना जिस पर थर्ड पार्टियाँ अपना बिज़नेस करने के लिए भरोसा करती हैं, जैसे कि अगर वे Meta प्रोडक्ट या सेवा को एक्सेस या उपयोग न कर पाईं तो वे काफ़ी हद तक प्रभावित हो सकती हैं
- कोई ऐसा एक्शन लेना जिससे किसी व्यक्ति को ऐसा लगे कि Meta निष्पक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा नहीं कर रहा है या Meta को ऐसा अनुचित फ़ायदा पहुँचाना जो थर्ड पार्टियों को नहीं मिल रहा है



# थर्ड पार्टियों के साथ पूरी ज़िम्मेदारी से मिलकर काम करना

हम ऐसी भरोसेमंद थर्ड पार्टियों के साथ जुड़ना चाहते हैं, जो हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकें तथा नई खोज और सामाजिक तथा आर्थिक महत्व का काम साथ मिलकर कर सकें.

अपने मिशन को पाने के लिए Meta, थर्ड पार्टियों के साथ काम करता है और उन पर भरोसा करता है, जिसमें सप्लायर, विक्रेता और बिज़नेस पार्टनर शामिल हैं. हम उन्हीं थर्ड पार्टी के साथ ऐसा कर सकते हैं जो योग्य हैं, नैतिक रूप से इंटीग्रिटी के साथ काम करती हैं और लागू होने वाले सभी कानूनों, विनियमों और पॉलिसी का पालन करती हैं.

असंभव तब संभव होता है जब हम ऐसी थर्ड पार्टियों के साथ काम करते हैं जो हमारी सेवाएँ लेने वाले लोगों और कम्युनिटी की विविधता को दर्शाती हैं तथा जिनके सिद्धांत और मूल्य हमारे सिद्धांतों और मूल्यों के अनुकूल होते हैं.

## थर्ड पार्टियों के साथ पूरी ज़िम्मेदारी से मिलकर काम करने का मतलब है कि हम:

- थर्ड पार्टियों को लेकर जोखिम के रिव्यू करें और यह सुनिश्चित करने के लिए जुड़ने से पहले उचित स्वीकृतियाँ लें कि वे नैतिक, योग्य, प्रतिष्ठित और जवाबदेह हैं
- केवल उन थर्ड पार्टियों से जुड़ें जो Meta के मिशन और मूल्यों के अनुकूल होती हैं
- सुरक्षित, लचीली, विविध और आर्थिक रूप से सशक्त कम्युनिटी बनाने के लिए थर्ड पार्टियों से Meta की अपेक्षाओं और प्रासंगिक कानून और विनियमों, जैसे कि प्राइवेसी और सुरक्षा की आवश्यकताओं, भ्रष्टाचार रोधी कानूनों, व्यापार और प्रतिबंध कानूनों और **जवाबदेह व्यापार गठबंधन (RBA)** के मानकों का पालन करवाकर ज़िम्मेदारी से सोर्स करने और पार्टनरशिप करने का लक्ष्य बनाएँ
- प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया और स्वीकृत एग्रीमेंट के ज़रिए सोर्स करें

और मार्गदर्शन:

- **थर्ड पार्टी रिस्क मैनेजमेंट पॉलिसी**
- **ग्लोबल सोर्सिंग और खरीद पॉलिसी**
- **अनुबंध पॉलिसी**
- **बाहरी कम्युनिकेशन और समर्थन सिद्धांत**
- **आंतरिक प्राइवेसी पॉलिसी**
- **थर्ड पार्टी सुरक्षा पॉलिसी**
- **भ्रष्टाचार विरोधी पॉलिसी**
- **सप्लायर विविधता सिद्धांत**

**सवाल:**
मैं इस समय प्रस्ताव के अनुरोध (RFP) में शामिल हूँ और चार सप्लायर ने जवाब दिया है. चार में से एक सप्लायर की कीमत काफ़ी कम है लेकिन क्षमताओं के मामले में अन्य सप्यालर से काफ़ी कम मेल खाता है. क्या मैं सबसे कम कीमत वाले सप्लायर को चुनने के लिए बाध्य हूँ?



**जवाब:**
**सप्लायर का चयन करते समय कई महत्वपूर्ण विचार करने होते हैं और कीमत उनमें से एक है. Meta में कीमत के अलावा RFP फ़ैसले में कई अन्य कारक देखे जाते हैं. इनमें सप्लायर की क्षमता, सुरक्षा, क्वालिटी, रिसोर्स, तकनीकी क्षमताएँ, विविधता, RBA की अपेक्षाओं के अनुकूल होना, अनुपालन प्रोग्राम और Meta के मिशन और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता शामिल हो सकते हैं लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं हैं.**



**क्या आप जानते हैं?**

Meta ने अक्टूबर 2016 में अपने सप्लायर डायवर्सिटी प्रयास लॉन्च किए ताकि विभिन्न सप्लायर को हमारे साथ तथा उन लोगों और कम्युनिटी के साथ बिज़नेस करने में मदद मिले जिन्हें Meta जोड़ता है. इस प्रोग्राम की योजना, विभिन्न सप्लायर के कस्टमर, एक-दूसरे से जुड़ने के तरीके को बदलना और टूल और रिसोर्स का विस्तार करना है.

लॉन्च होने के बाद से Meta ने पूरी दुनिया की उन कंपनियों के साथ 8 बिलियन डॉलर से अधिक खर्च किया है जो अल्पसंख्यक, महिला, वेटरन, LGBTQ+ या दिव्यांग वर्ग के लोगों की होने के रूप में प्रमाणित हैं.

विविध सप्लायर के साथ Meta के खुद के सहयोग के अलावा, हमारी अपेक्षा है कि जो सप्लायर Meta के साथ पार्टनरशिप करते हैं, उनके समान मूल्य हों और जब भी संभव हो वे विविध बिज़नेस से सामान और सेवाएँ लें.



# ज़िम्मेदारीपूर्वक सोर्स करना

Meta में, हम अपने सप्लायर से अपेक्षा करते हैं कि वे:

- यथास्थिति को चैलेंज करते हैं और क्वालिटी, डिलीवरी, सुरक्षा और कीमत के ज़रिए नए प्रयोग करते हैं
- एक प्रोफ़ेशनल और सम्मानजनक तरीके से काम करते हैं और प्राइवेसी का ध्यान रखने, हितों के टकराव और इनसाइडर ट्रेडिंग से बचने जैसी बिज़नेस की नैतिक कार्यप्रणालियों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को शेयर करते हैं
- जानकारी की रिक्वेस्ट या ऑडिट का समय पर जवाब देते हैं
- सुनिश्चित करें कि उनके कर्मचारी, असाइन की गई ज़रूरी ट्रेनिंग पूरी करते हैं

# दुनिया के साथ ज़िम्मेदारी से काम करना

समाज, सरकारों, नियामकों और स्थानीय कम्युनिटी के बीच विश्वास पैदा करना महत्वपूर्ण है और ऐसा करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है. इस तरह से हम वास्तव में ज़िम्मेदारी से काम कर सकते हैं और सभी को सेवाएँ दे सकते हैं.



**इस सेक्शन के विषय हैं:**

| | |
|---|---|
| वित्तीय इंटीग्रिटी के साथ आगे बढ़ना | 42 |
| इनसाइडर ट्रेडिंग नहीं करना | 44 |
| खुलकर और स्पष्ट रूप से बातचीत करना | 46 |
| रिश्वत और भ्रष्टाचार को रोकना | 48 |
| गिफ़्ट और मनोरंजन देना और लेना | 51 |
| सरकारी और राजनीतिक संस्थाओं के साथ ज़िम्मेदारी से इंटरैक्ट करना | 53 |
| लोगों के साथ-साथ पर्यावरण का पूरा ध्यान रखने वाली दुनिया बनाना | 55 |

# वित्तीय इंटीग्रिटी के साथ आगे बढ़ना

हम सटीक वित्तीय और बिज़नेस रिकॉर्ड बनाकर उन्हें व्यवस्थित रखते हैं, ताकि हमें और मार्केट में मौजूद अन्य लोगों को Meta के परफ़ॉर्मेंस और प्रभाव के बारे में विश्वसनीय और सामयिक जानकारी मिल सके.

बिज़नेस से जुड़े सबसे अच्छे फ़ैसले लेने, वित्तीय प्रामाणिकता के लिए हमारी प्रतिष्ठा को संरक्षित करने और एक सार्वजनिक कंपनी के रूप में हमारे दायित्वों को पूरा करने के लिए सटीक, स्पष्ट और पूर्ण रिकॉर्ड आवश्यक हैं. Meta, हमारी कम्युनिटी, निवेशक, नियामक और अन्य लोग हमारे वित्तीय परिणामों को समझने और कंपनी के रूप में हमारी सफलता का मूल्यांकन करने के लिए हमारे द्वारा दी गई जानकारी पर भरोसा करते हैं.



## वित्तीय इंटीग्रिटी के साथ आगे बढ़ने का मतलब है कि हम:

- वित्तीय लेनदेनों और बिज़नेस रिकॉर्ड को सहायक दस्तावेज़ सहित सच्चाई से, सटीक रूप से, समय पर और उचित विवरण के साथ रिकॉर्ड करें, बनाए रखें और दर्ज करें
- अकाउंटिंग और रिपोर्टिंग के प्रासंगिक मानकों और पॉलिसी का पालन करें
- अनुबंध करने के लिए Meta की सभी पॉलिसी और प्रक्रियाओं का पालन करें
- बजट मैनेज करें और कंपनी के वित्तीय संसाधनों को सावधानीपूर्वक और ईमानदारी से संभालें, जिसमें नकदी, विज्ञापन कूपन और कॉर्पोरेट क्रेडिट कार्ड शामिल हैं
- खर्च के क्लेम, सप्लायर के इनवॉइस और कामकाज संबंधी रिपोर्ट जैसी वित्तीय जानकारी की सत्यता और सटीकता की सावधानीपूर्वक जाँच करके धोखाधड़ी, भ्रामक जानकारी के प्रकाशन और टैक्स अपवंचन के जोखिम को रोकें
- रिकॉर्ड रखने और रिकॉर्ड रिटेंशन से संबंधित सभी लागू कानूनों, विनियमों और Meta पॉलिसी का अनुपालन करें

और मार्गदर्शन:

- **ग्लोबल सोर्सिंग और खरीद पॉलिसी**
- **वैश्विक यात्रा और खर्च पॉलिसी**
- **भ्रष्टाचार विरोधी पॉलिसी**
- **स्वीकृति प्राधिकरण मैट्रिक्स**
- **अनुबंध पॉलिसी**
- **विज्ञापन कूपन पॉलिसी**



**सवाल:**
वित्तीय तिमाही पूरी होने वाली है. मैं रेवेन्यू अकाउंटिंग टीम में हूँ और क्लाइंट अकाउंट टीम के लीड के अनुरोध से परेशान हूँ. उन्होंने मुझे बुलाया और पूछा कि क्या मैं वर्तमान तिमाही के रिकॉर्ड से विज्ञापन आय के एक हिस्से को निकाल सकता/सकती हूँ और ज़ोर देकर कहा कि इसे अगली तिमाही में शामिल किया जाना चाहिए. उनकी व्याख्या स्पष्ट नहीं थी और ऐसा लग रहा था कि उनकी समझाने की इच्छा नहीं थी. मुझे क्या करना चाहिए?

**जवाब:**
**आपकी चिंता सही है. यह महत्वपूर्ण है कि Meta के अकाउंट और सार्वजनिक वित्तीय फ़ाइलिंग की सटीकता और इंटीग्रिटी को सुनिश्चित करने के लिए आय को सही वित्तीय अवधि में रिकॉर्ड किया जाए. उन्हें स्पष्टीकरण और अधिक जानकारी देने के लिए कहें. अगर आप अभी भी इस बात से चिंतित हैं कि क्या आय को फिर से रिकॉर्ड करने की अनुमति है और ऐसा करना उचित है या नहीं, तो अपनी चिंता के विषय में अपने मैनेजर या अनुपालन और आचार टीम के किसी मेंबर से बात करें.**

**सवाल:**
हमारे सप्लायर ने मुझे कॉल करके कहा है कि हम उनके अगले इनवॉइस का पेमेंट किसी दूसरे देश के अकाउंट में कर दें. उन्हें इसका कारण नहीं मालूम लेकिन उन्होंने बताया कि इससे उन्हें अपनी आंतरिक टैक्स प्रोसेस में कोई सहायता मिलेगी. मुझे ऐसा करना ठीक नहीं लग रहा - मुझे क्या करना चाहिए?

**जवाब:**
**देश के बाहर के अकाउंट्स में पेमेंट करके काले धन को वैध बनाने की आशंका जैसे जोखिमों के अलावा, यहाँ सप्लायर अपनी आय छिपाने और टैक्स से बचने की कोशिश कर रहे हो सकते हैं. यूके जैसे कुछ देशों में, अन्य पार्टियों के लिए टैक्स अपवंचन की सुविधा देने के लिए Meta और व्यक्तिगत कर्मचारियों पर आपराधिक मुकदमे चलाए जा सकते हैं. संदिग्ध रिक्वेस्ट पर ध्यान न देना भी इस तरह की सुविधा देने के तहत आ सकता है. सप्लायर से पूछें कि वे इस तरह का बदलाव क्यों चाह रहे हैं और तब तक कोई पेमेंट न करें जब तक कि आप अपने मैनेजर, वित्त विभाग या अनुपालन और आचार विभाग से इस बारे में बात न कर लें.**



# इनसाइडर ट्रेडिंग नहीं करना

हम ट्रेडिंग उद्देश्यों के लिए Meta या अन्य कंपनियों के बारे में महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी का उपयोग या उसे शेयर नहीं करते क्योंकि ऐसा करना अवैध है और इससे निवेशकों, नियामकों तथा लोगों के साथ Meta के रिश्तों को नुकसान पहुँचेगा.

हम उस जानकारी को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिबद्ध हों, जो हमें सौंपी जाती है, विशेष रूप से Meta या किसी अन्य कंपनी के बारे में महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी, जिसे कभी-कभी "आंतरिक" जानकारी कहा जाता है. ट्रेडिंग के बारे में महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी और अन्य नियमों में क्या आता है इसके बारे में गाइडेंस के लिए, हमारी इनसाइडर ट्रेडिंग पॉलिसी पढ़ें.

मैटेरियल गैर-सार्वजनिक जानकारी अपने पास रहते हुए प्रतिभूतियों की ट्रेडिंग करना, जिसे “इनसाइडर ट्रेडिंग” कहा जाता है, या अपने परिवार के किसी सदस्य, दोस्त या किसी अन्य व्यक्ति को मैटेरियल गैर-सार्वजनिक जानकारी का “संकेत” देना गैर-कानूनी है.



## इनसाइडर ट्रेडिंग रोकने का मतलब यह है कि हम:

- Meta या किसी अन्य सार्वजनिक कंपनी की प्रतिभूतियों का व्यापार नहीं करें, जब आपके पास ऐसी किसी प्रतिभूति की महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी हो
- कभी भी "सुझाव" देते या लेते नहीं हैं, जो तब होता है जब Meta या किसी कंपनी के बारे में महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी किसी ऐसे व्यक्ति को दे दी जाती है जिसका जानकारी को गोपनीय रखने का कर्तव्य नहीं है
- सार्वजनिक स्थलों पर बातचीत करते समय सतर्क रहने सहित, Meta के अंदर और बाहर, गैर-सार्वजनिक जानकारी को लीक होने और उसका आकस्मिक खुलासा होने से सुरक्षित रखें
- Meta की इनसाइडर ट्रेडिंग पॉलिसी को रिव्यू करें और उसका पालन करें - ट्रेडिंग से पहले जानने के लिए विस्तृत नियम हैं
- अगर हमें संदेह या हमारे मन में कोई सवाल है, तो हम **Trading@** से पूछें - महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी एक जटिल अवधारणा है और हम समझते हैं कि मन में सवाल हो सकते हैं

और मार्गदर्शन:

- **इनसाइडर ट्रेडिंग पॉलिसी**
- **ट्रेडिंग विंडो कैलेंडर**
- **Trading@**



## मैं Meta के स्टॉक की ट्रेडिंग करना चाहता/चाहती हूँ. मेरे पास Meta से जुड़ी कोई भी महत्वपूर्ण आंतरिक जानकारी नहीं है. मैं ट्रेडिंग कब कर सकता/सकती हूँ?

आप Meta स्टॉक की ट्रेडिंग हमारी तिमाही ओपन ट्रेडिंग विंडो के दौरान (और जब तक आपके पास मैटेरियल गैर-सार्वजनिक जानकारी न हो) या किसी स्वीकृत 10b5-1 ट्रेडिंग प्लान के ज़रिए ही कर सकते/सकती हैं. आम तौर पर हम ट्रेडिंग विंडो को हमारी तिमाही आय जारी होने की तारीख के बाद के दूसरे पूरे कार्यदिवस पर खोलते हैं और यह विंडो आम तौर पर किसी भी तिमाही के बीच के महीने की आखिरी तारीख तक खुली रहती है, हालाँकि इन तारीखों में बदलाव हो सकते हैं. ट्रेडिंग करने से पहले आपको हमारी इनसाइडर ट्रेडिंग पॉलिसी पढ़ लेनी चाहिए और सार्वजनिक पोर्टल पर मौजूद ट्रेडिंग विंडो कैलेंडर देख लेना चाहिए.



# खुलकर और स्पष्ट रूप से बातचीत करना

## हम दुनिया के साथ कैसे जुड़ें और बात करें, इसके प्रति हमें सजग और ज़िम्मेदार रहना चाहिए.

Meta के कर्मचारी के तौर पर हम जो कुछ भी कहें और शेयर करें, उसका असर हम और Meta दोनों पर पड़ता है. चाहे हम किसी मीटिंग में हों, किसी कैफ़े में हों, किसी के साथ पैदल घूम रहे हों या ऑनलाइन कम्युनिकेट कर रहे हों, हमारे शब्द मायने रखते हैं. हमारा मानना है कि ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म ईमानदार और स्पष्ट बातचीत को बढ़ावा देते हैं और हम जानते हैं कि जानकारी बहुत तेज़ी से तथा अप्रत्याशित ढंग से फैलती है. इसलिए, गलतफ़हमियों से बचने के लिए हमें बातचीत करने से पहले थोड़ा रुककर सोचना चाहिए और दिमाग से काम लेना चाहिए.



## खुलकर और स्पष्ट रूप से बात करने का मतलब है कि हम:


- अपने आंतरिक और बाहरी कम्युनिकेशन में स्पष्टता, सच्चाई, पारदर्शिता, विनम्रता और प्रोफ़ेशनल व्यवहार बनाए रखें
- दूसरों को गलत ढंग से पेश नहीं करें या उनके बारे में झूठी या उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुँचाने वाली बातें नहीं कहें
- Meta की गोपनीय जानकारी की सुरक्षा उचित तरीकों से करें (अधिक जानकारी के लिए Meta की गोपनीय जानकारी की सुरक्षा करें पर जाकर देखें)
- सोशल मीडिया पोस्ट लिखते समय स्पष्ट करें कि वे निजी विचार हैं ताकि लोगों को ऐसा न लगे कि हम Meta के लिए या Meta की ओर से बात कर रहे हैं, बशर्ते की हमें ऐसा करने की परमिशन न मिल गई हो
- सुनिश्चित करें कि हमारे द्वारा बिज़नेस कम्युनिकेशन का उपयोग और सुरक्षा Meta की पॉलिसी के अनुरूप हो
- कंपनी के रिसोर्स का उपयोग असरदार बाहरी अवसर हासिल करने में करें और बोलने या लिखने के एंगेजमेंट करने के लिए ज़रूरत के अनुसार स्वीकृति लें
- Meta के बिज़नेस से संबंधित जिन विषयों पर आप बात कर रहे हैं, उनके बारे में प्रेस की पूछताछ को Press@ पर भेजना याद रखें. आपके Meta की ओर से प्रेस से बात नहीं करनी चाहिए या उसके प्रतिनिधि के रूप में बात करने का सुझाव या आशय नहीं देना चाहिए. यह पॉलिसी हमारी कम्युनिटी के मेंबर्स को अमेरिका में वेतन, फ़ायदों या नियमों और शर्तों के संबंध में प्रेस या अन्य कर्मचारियों के साथ संरक्षित संयुक्त एक्टिविटी में शामिल होने से नहीं रोकती और यह उसके लिए लक्षित नहीं है. न ही यह लागू कानूनों के तहत आपके अधिकारों या Meta के उत्तरदायित्वों में कोई बदलाव करती है, जिनमें व्हिसलब्लोइंग और डेटा प्राइवेसी से जुड़े अधिकार और उत्तरदायित्व भी शामिल हैं

और मार्गदर्शन:

- **बाहरी एंगेजमेंट से संबंधित पॉलिसी**
- **इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन पॉलिसी**
- **कम्युनिटी एंगेजमेंट से जुड़ी अपेक्षाएँ**
- **ग्लोबल ऑडियो रिकॉर्डिंग पॉलिसी**
- **Press@**

**भेजें** या **पोस्ट करें** पर क्लिक करने या कुछ बोलने से पहले हमेशा खुद से ये सवाल पूछें:

"इसको पढ़ने पर दूसरों को कैसा महसूस होगा?" और "अगर यह सार्वजनिक हो गया, तो मुझे कैसा महसूस होगा?"



**सवाल:**
मैं आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस (AI) से जुड़े ऑनलाइन चर्चा फ़ोरम में एक्टिव हूँ, जहाँ मेरी तकनीकी विशेषज्ञता के कारण मेरा बहुत सम्मान किया जाता है. एक जानी-मानी लेखिका और तकनीकी उद्योग की ब्लॉगर ने मुझसे संपर्क किया और उनके ब्लॉग के किसी फ़ीचर के लिए मुझे इंटरव्यू के लिए आमंत्रित किया. मैं इस इंटरव्यू को लेकर काफ़ी उत्साहित हूँ, लेकिन क्या यह आमंत्रण स्वीकार करने से पहले मुझे किसी से परमिशन लेनी होगी?

**जवाब:**
**हमें Meta के सहकर्मियों पर गर्व है और वे अपनी प्रतिभा सामने ला सकें, इसमें हम उनकी मदद करना चाहते हैं. आमंत्रण स्वीकार करने से पहले, आपको बाहरी कम्युनिकेशन टीम को एक रिक्वेस्ट सबमिट करनी चाहिए ताकि वे पता लगा सकें कि बोलने का जो मौका आपको मिला है, वह उचित है या नहीं. अगर इस मौके के लिए आपको स्वीकृति मिल जाएगी, तो उसके साथ कुछ और निर्देश भी होंगे.**

**सवाल:**
मुझे टेक्नोलॉजी में काम करने में बहुत आनंद आता है और मैं दूसरों से टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री का अपना अनुभव शेयर करना और उनकी मदद करना चाहता/चाहती हूँ. मैं एक YouTube चैनल बनाने, कोई किताब/ब्लॉग/आर्टिकल लिखने या ऐसे अन्य लोगों का समर्थन करने के बारे में विचार कर रहा/रही हूँ जिन्होंने इस तरह से अपने अनुभव शेयर किए हैं. क्या मुझे पहले किसी से परमिशन लेनी होगी?

**जवाब:**
**यह अच्छी बात है कि आपको टेक्नोलॉजी में काम करने में बहुत आनंद आता है और आप अपना अनुभव शेयर करना चाहते हैं. ऐसी कोई एक्टिविटी शुरू करने से पहले, आपको बाहरी एंगेजमेंट पॉलिसी के तहत रिक्वेस्ट सबमिट करके स्वीकृति लेनी होगी. रिक्वेस्ट उन एंगेजमेंट के लिए की जानी चाहिए जो सीधे Meta या टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री से संबंधित हो. अगर आपको स्वीकृत मिल जाती है, तो आपको कुछ अतिरिक्त मार्गदर्शन दिया जा सकता है और आप बाहरी एंगेजमेंट पॉलिसी में जाकर ज़्यादा जानकारी ले सकते हैं. किसी अन्य व्यक्ति या कंपनी के लिए औपचारिक मेंटरिंग या एडवाइज़री रोल लेने से पहले, टकराव से संबंधित टूल के ज़रिए हितों के टकराव से संबंधित रिक्वेस्ट सबमिट करें. आप हितों के टकराव से संबंधित पॉलिसी और टकराव Wiki में जाकर ज़्यादा जानकारी ले सकते हैं.**

# रिश्वत और भ्रष्टाचार को रोकना

## हम घूसखोरी या भ्रष्टाचार नहीं करते और पूरी दुनिया में अपना बिज़नेस चलाते समय नैतिक मूल्यों का पालन करते हैं.

हम हर तरह के भ्रष्टाचार का विरोध करें, इसमें रिश्वत या घूस या अन्य अनुचित पेमेंट ऑफ़र करना या स्वीकार करना भी शामिल है. भ्रष्टाचार समाज को बाँट देता है, कुछ कंपनियों को गलत फ़ायदा और कुछ को गलत नुकसान पहुँचाता है और आर्थिक अवसरों को बढ़ावा देने की Meta की प्रतिबद्धता को ठेस पहुँचाता है.

चूँकि Meta दुनिया भर में फैली कंपनी है, इसलिए यह हमारी ज़िम्मेदारी है कि हम अपने काम करने के तरीकों से और उदाहरण बनकर पूरी दुनिया से भ्रष्टाचार खत्म करने में मदद करें. रिश्वत, घूस या अनुचित पेमेंट के ज़रिए बिज़नेस बढ़ाने के बजाय हम हमेशा बिज़नेस के अवसर छोड़ना चुनेंगे.

## रिश्वत और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का मतलब है कि हम:

- जहाँ भी बिज़नेस करते हैं, वहाँ के भ्रष्टाचार विरोधी, रिश्वत विरोधी और घूस विरोधी कानूनों का पूरी तरह पालन करें, इन कानूनों में फ़ॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेस एक्ट (FCPA) और यूके ब्राइबरी एक्ट शामिल हैं
- किसी भी बिज़नेस या सरकारी फ़ैसले को गलत तरीके से प्रभावित करने - या गलत तरीके से प्रभावित करने जैसा लगने वाला कोई भी काम करने - के लिए कभी भी किसी व्यक्ति या सरकारी अधिकारी को रिश्वत या घूस या कोई भी कीमती चीज़ ऑफ़र नहीं करें
- Meta में हम जिस तरह से फ़ैसले लेते हैं, उन्हें गलत तरीके से प्रभावित करने के लिए दी जाने वाली रिश्वत, घूस या अन्य सभी पेमेंट या लाभ के ऑफ़र अस्वीकार करें
- जिनके साथ बिज़नेस करते हैं, उनके बारे में पर्याप्त जानकारी रखें, ताकि पता चल सके कि वे सरकारी अधिकारी हैं या नहीं
- थर्ड पार्टी का अच्छी तरह रिव्यू करें और नैतिक मूल्यों का पालन करने वाली, विश्वसनीय और योग्य थर्ड पार्टी को ही चुनें और उनका उपयोग कभी भी कुछ भी गलत करने के लिए नहीं करें (थर्ड पार्टी के साथ ज़िम्मेदारी के साथ सहयोग करना देखें)
- नियुक्ति से संबंधित फ़ैसले उम्मीदवार की योग्यता, ज्ञान, कौशल और क्षमताओं के आधार पर लें—कभी भी हम कोई गलत फ़ायदा उठाने के लिए या गलत कारण से ऐसा नहीं करें, जैसे कि किसी ग्राहक या सरकारी अधिकारी को फ़ायदा देने के लिए
- सभी डॉक्यूमेंट और रिकॉर्ड सही रखें (वित्तीय प्रमाणिकता के साथ आगे बने रहें देखें)

और मार्गदर्शन:

- **भ्रष्टाचार विरोधी पॉलिसी**
- **गिफ़्ट और बिज़नेस मनोरंजन पॉलिसी**
- **वैश्विक यात्रा और खर्च पॉलिसी**

**सवाल:**
Meta एक विकासशील देश में नया डेटा सेंटर खोलने पर विचार कर रहा है, जहाँ इंटरनेट कनेक्टिविटी तेज़ी से बढ़ी है. Meta प्रोजेक्ट मैनेजर के तौर पर स्थानीय अधिकारियों के साथ परमिशन से संबंधित समस्याएँ सुलझाना मेरी ज़िम्मेदारी है. एक स्थानीय सरकारी अधिकारी
ने बताया है कि अगर बस एक बार थोड़े से नकद पेमेंट की व्यवस्था हो जाए, तो वह परमिशन दिलाने की प्रोसेस में तेज़ी ला सकता है.
क्या मुझे वह पेमेंट कर देना चाहिए?

**जवाब:**
**स्थानीय सरकारी अधिकारी परमिशन पाने की प्रोसेस में तेज़ी लाने के लिए सुविधा-शुल्क या “घूस” माँग रहा है. अधिकतर भ्रष्टाचार विरोधी कानून छोटे से छोटे सुविधा-शुल्क को भी गलत मानते हैं — और Meta भी ऐसा ही मानता है. इस शुल्क का भुगतान न करें और मदद के लिए तुरंत कानून या अनुपालन और आचार विभाग से संपर्क करें.**

## याद रखें कि तेज़ी से आगे बढ़ने का मतलब अनुचित तरीके से आगे बढ़ना नहीं होता है.



## भ्रष्टाचार के संकेत

Meta का लक्ष्य केवल ऐसी थर्ड पार्टी के साथ मिलकर काम करना है, जो नैतिक मूल्यों के साथ काम करने में हमारी तरह ही प्रतिबद्ध हों. हम चाहते हैं कि Meta के कर्मचारी और हमारी थर्ड पार्टी संदिग्ध गतिविधियों और भ्रष्टाचार के संकेतों के बारे में कानून या अनुपालन और आचार विभाग को बताएँ. इन उदाहरणों पर नज़र रखें:

### ऑनबोर्डिंग पर संदेह

- अनुचित पेमेंट सहित अन्य प्रकार के अनुचित आचरण के मौजूदा या पिछले आरोप
- हमारे अनुबंधों में शामिल रिश्वत विरोधी कानूनों सहित अन्य कानून का पालन करने से मना करना
- बिज़नेस के मालिक, पार्टनर या प्रमुख व्यक्तियों को पहचानने से मना करना
- Meta को लाभ पहुँचा सकने वाले पद पर आसीन सरकारी अधिकारी से पारिवारिक/व्यावसायिक संबंध
- पहचान छिपाने की रिक्वेस्ट या यह रिक्वेस्ट कि इस संबंध को गुप्त रखा जाए
- सरकारी प्रतिबंधों की सूची में होना

### अनुचित कीमती चीज़ें लेना या देना

- सरकारी अधिकारियों को गिफ़्ट या मनोरंजन के साधन देना, जो कि हमारी भ्रष्टाचार विरोधी पॉलिसी का उल्लंघन है
- सरकारी कार्रवाई को सुविधाजनक बनाने के लिए किसी चैरिटी में दान माँगना

### गड़बड़/गलत डॉक्यूमेंट और रिकॉर्ड:

- मार्केट रेट से कहीं ज़्यादा कमीशन या सेवाओं के लिए सामान्य से अधिक फ़ीस माँगना
- शुरुआत में ज़्यादा पेमेंट माँगना
- खर्च का सही हिसाब-किताब रखने से मना करना या गलत इनवॉइस, गलत अनुबंध या अन्य डॉक्यूमेंट गलत बनाने की माँग करना
- अस्पष्ट खर्च “जिनका कोई हिसाब-किताब” न रखा गया हो
- थर्ड पार्टी के ज़रिए या किसी असंबंधित अकाउंट नाम या लोकेशन में नकद पेमेंट की माँग करना
- आंतरिक नियंत्रण या रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने के तौर-तरीकों में खराबी

### सवालिया नियुक्तियाँ या रेफ़रल

- सरकारी अधिकारी या उनके रिश्तेदारों की Meta में नियुक्ति की माँग करना
- सरकारी अनुबंध हासिल करने के लिए अस्थायी कर्मी की नियुक्ति करना
- सरकारी अधिकारी द्वारा सुझाई गई थर्ड पार्टी

# गिफ़्ट और मनोरंजन देना और लेना

हम अपने बिज़नेस संबंधों को ज़िम्मेदारी से निभाते हैं लेकिन लोगों को गलत ढंग से प्रभावित करने के लिए गिफ़्ट, मनोरंजन के साधन या कोई और कीमती चीज़ें न तो ऑफ़र करते हैं और न ही स्वीकार करते हैं.

क्लाइंट या थर्ड पार्टी की अगर सही तरीके से सराहना की जाए, तो इससे उनके साथ हमारे बिज़नेस संबंध मज़बूत हो जाते हैं. गिफ़्ट, मनोरंजन के साधनों या स्वागत-सत्कार के बदले बिज़नेस के फ़ैसलों को गलत ढंग से प्रभावित करने से भरोसा टूटता है और बिज़नेस के ऐसे परिणाम सामने आते हैं, जो Meta प्रोडक्ट या सेवाओं का उपयोग करने वाली कम्युनिटी को प्राथमिकता नहीं देते हैं.



## गिफ़्ट और मनोरंजन के साधन उचित रूप से देने और पाने का मतलब है कि हम:

- तर्कसंगत और औपचारिक गिफ़्ट, मनोरंजन के साधन या कोई और चीज़ केवल तभी ऑफ़र करें, जब बिज़नेस के वैध उद्देश्य के लिए उनका उपयोग ज़रूरी हो और जब गिफ़्ट अनुचित न लगता हो
- सरकारी अधिकारियों को कीमती चीज़ें ऑफ़र करते समय विशेष तौर पर वहाँ के न्यायिक क्षेत्र में लागू गाइडलाइन का पालन करें और आवश्यकता पड़ने पर अनुपालन और आचार विभाग की स्वीकृति भी लें
- थर्ड पार्टी का एक स्वीकार्य सीमा तक ही सत्कार करें (या उनकी ओर से एक सीमा तक ही सत्कार स्वीकार करें) (जैसे उचित भोजन या खेल या सांस्कृतिक ईवेंट पर खर्च करना आम तौर पर स्वीकार्य होता है, लेकिन स्काई-डाइविंग या कैसीनो पर खर्च करना आम तौर पर अस्वीकार्य होता है), और भविष्य की फ़ैसले लेने की प्रक्रिया को गलत ढंग से प्रभावित करने की कोई धारणा बनाने का जोखिम नहीं लें. केवल 200 USD से कम कीमत के ऐसे गिफ़्ट स्वीकार करें, जो उचित हों, औपचारिक हों और जिनका उद्देश्य सही हो और जो भविष्य की फ़ैसले लेने की प्रक्रिया में गलत ढंग से पक्षपात करने वाले न लगते हों.
- नकदी, नकदी जैसी अन्य चीज़ें (जैसे गिफ़्ट कार्ड) या लोन न तो ऑफ़र करें और न ही लें
- सरकारी अधिकारियों को कोई भी कीमती चीज़ देने से पहले आवश्यकता होने पर **गिफ़्ट और बिज़नेस मनोरंजन पॉलिसी** देखें और अनुपालन और आचार विभाग से अग्रिम स्वीकृति हासिल करें

और मार्गदर्शन:

- **गिफ़्ट और बिज़नेस मनोरंजन पॉलिसी**
- **वैश्विक यात्रा और खर्च पॉलिसी**
- **भ्रष्टाचार विरोधी पॉलिसी**

## गिफ़्ट और मनोरंजन के साधन देते या लेते समय खुद से कौन-से सवाल पूछने चाहिए

1. सरकारी अधिकारियों के लिए तय सीमाओं सहित क्या मैं Meta की पॉलिसी का पालन कर रहा/रही हूँ?

2. क्या स्थानीय कानून और चलन के अनुसार यह उचित और सही है?

3. क्या इससे बिज़नेस का कोई वैध उद्देश्य पूरा होता है?

4. क्या ये भविष्य के फ़ैसले लेने की प्रक्रिया में पक्षपात के जोखिम या धारणा को दूर रखता है?

5. क्या यह अनुचित आचरण की धारणा से बचाता है?

अगर इनमें से किसी भी सवाल का जवाब “नहीं” हो, तो काफ़ी संभावना है कि वह गिफ़्ट या मनोरंजन का साधन उचित नहीं है और आपको उसे देना या लेना नहीं चाहिए.

**सवाल:**
मेरी टीम के एक सप्लायर ने हाल ही में बिना किसी नोट के अचानक से मेरी टीम को वाइन की एक पेटी भेज दी है. मैंने धन्यवाद बोलने और गिफ़्ट के बारे में ज़्यादा जानकारी पाने के लिए सप्लायर से संपर्क किया. मुझे पता चला कि वह सप्लायर Meta की दूसरी किसी टीम के साथ पूरी तरह से अनुबंध की शर्तें तय करने की प्रक्रिया में उलझा हुआ है और उम्मीद करता है कि मैं इस प्रक्रिया के बारे में उसे और जानकारी पता करके दे सकता हूँ. यह जान लेने पर मुझे पक्का नहीं पता कि मुझे वाइन लेनी चाहिए या नहीं.

**जवाब:**
**हालाँकि इस वाइन की कीमत बाज़ार में 200 USD से कम ही होगी, लेकिन अचानक से इसका मिलना और वो भी उस समय जब सप्लायर नए Meta प्रोजेक्ट के लिए बोली लगा रहा है, इससे लगता है कि सप्लायर को उम्मीद है कि भविष्य के इस अनुबंध के लिए उस सप्लायर को चुनने के फ़ैसले को आप प्रभावित करेंगे. चूँकि यह स्पष्ट नहीं है कि वाइन अच्छे संबंधों को बढ़ावा देने के लिए भेजी गई थी, इसलिए उसे स्वीकार करने और अपनी टीम को बाँटने से पहले अनुपालन और आचार विभाग से संपर्क करके इसके बारे में चर्चा करें.**

# सरकारी और राजनीतिक संस्थाओं के साथ ज़िम्मेदारी से इंटरैक्ट करना

हम सरकारों और राजनीतिक संस्थाओं के साथ रचनात्मक तरीके से और ज़िम्मेदारी के साथ सहभागिता करते हैं जिससे दुनिया को करीब लाने का Meta का मिशन आगे बढ़े.

Meta की वैश्विक पहुँच और लगातार कुछ नया करने का मतलब है कि हमें अक्सर नए प्रस्तावित कानूनों और विनियमों का ध्यान रखना पड़ता है. Meta के मिशन को आगे बढ़ाने और जिन्हें हम सशक्त बनाते हैं, उनके अधिकारों की सुरक्षा करने के लिए हम निर्वाचित अधिकारियों और विनियामकों के साथ सोच-समझकर तथा नैतिकता और ज़िम्मेदारी से काम करते हैं. हम राजनीतिक दलों और प्रत्याशियों के साथ भी काम करते हैं ताकि वे Meta प्लेटफ़ॉर्म का उपयोग कर सकें, लेकिन ऐसा करने में हम पक्षपात नहीं करते हैं, सभी दलों को एक समान मानते हैं, मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और अपने इस विश्वास को बनाए रखते हैं कि हमारे प्लेटफ़ॉर्म सभी के लिए हैं.

हम यह भी मानते हैं कि Meta के कर्मचारियों को अपने निजी जीवन में नागरिक और राजनीतिक प्रक्रिया में भाग लेने में सक्षम होना चाहिए, बशर्ते कि वह उसे Meta से अलग रखें.



## सरकारी और राजनीतिक संस्थाओं के साथ ज़िम्मेदारी से इंटरैक्ट करने का मतलब है कि हम:

- पॉलिसी, वैधानिक, विनियामक या चुनावी मामलों के बारे में ज़रूरी अनुभव और अधिकार रखने वाले सहकर्मियों को सरकारी अधिकारियों से संपर्क करने दें
- कंपनी की भ्रष्टाचार विरोधी पॉलिसी और राजनीतिक गतिविधियों और समर्थन जुटाने से संबंधित पॉलिसी का पालन करें, सरकारी अधिकारियों से पारदर्शिता के साथ कम्युनिकेट करें और उनकी पूछताछ का जवाब समय पर और सच्चाई से दें
- बिना किसी पक्षपात के सभी राजनीतिक दलों और उनसे जुड़ी संस्थाओं को Meta प्रोडक्ट का उपयोग करने दें और कभी भी किसी एक पार्टी के प्रति झुकाव प्रदर्शित नहीं करें
- हर न्यायिक क्षेत्र में समर्थन जुटाने से जुड़े अस्वीकरणों और कैंपेन की वित्तीय सीमाओं और अस्वीकरणों से संबंधित नियमों का पालन करें
- अपनी निजी राजनीतिक एक्टिविटी में कंपनी के रिसोर्स या समय का गलत उपयोग नहीं करें
- यह स्पष्ट करें कि नागरिकों की हैसियत से राजनीति के बारे में हमारे विचार और गतिविधियाँ हमारी खुद की होती हैं, न कि Meta की

और मार्गदर्शन:

- **राजनीतिक गतिविधियों और समर्थन जुटाने से संबंधित पॉलिसी**
- **कम्युनिटी एंगेजमेंट से जुड़ी अपेक्षाएँ**
- **भ्रष्टाचार विरोधी पॉलिसी**

**सवाल:**
मैं एक पब्लिक पॉलिसी रिसर्चर हूँ और फ़ाइबर ऑप्टिक्स से संबंधित नियमों पर काम कर रहा/रही हूँ. मुझे अभी-अभी पता चला है कि मेरे भाई की दोस्त की नई जॉब इंटरनेट सेवा प्रदान करने वाली और समुद्र के नीचे केबल बिछाने वाली एक सरकारी एजेंसी में लगी है. मैंने तय किया है कि मैं अपने भाई से कहूँगी कि वह अपनी दोस्त से मेरा परिचय करवा दें क्योंकि मुझे लगता है कि उसके काम के बारे में और उसका Meta पर क्या असर पड़ सकता है, इसके बारे में जानना काफ़ी दिलचस्प होगा. क्या यह अच्छा विचार है?

**जवाब:**
**अगर आप अपने भाई की दोस्त से मिलती हैं और Meta के बारे में बात करती हैं, तो यह बातचीत समर्थन जुटाने तक पहुँच सकती है, जो एक जटिल और सख्त नियमों द्वारा कंट्रोल एक्टिविटी होती है. दिशानिर्देश के लिए आपको अनुपालन और आचार विभाग और पब्लिक पॉलिसी टीम से सलाह लेनी चाहिए.**

**अनुपालन और आचार विभाग आपको सलाह दे सकता है कि आपकी बातचीत पर समर्थन जुटाने से संबंधित स्थानीय कानून लागू होंगे या नहीं और यह कि आपको कामकाज से संबंधित बातचीत करना चाहिए या नहीं.**

**पब्लिक पॉलिसी टीम के पास सरकार के साथ काम करने के लिए ज़रूरी विशेषज्ञता और संबंध होते हैं.**



# लोगों के साथ-साथ पर्यावरण का पूरा ध्यान रखने वाली दुनिया बनाना

दुनिया पर सचमुच में असर डालने वाली गतिविधियों, टूल और संसाधनों की मदद से एक बेहतर और पर्यावरण के प्रति जागरुक दुनिया बनाने के लिए हम लोगों को सशक्त बनाते हैं.

वैश्विक कंपनी के तौर पर वैश्विक प्रभाव की ताकत के साथ, हम अपने एक्शन से और दूसरों को सशक्त बनाकर—दुनिया में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रति प्रतिबद्ध हैं. हम पर्यावरण की सुरक्षा के लिए नए समाधान विकसित करते हैं और उन्हें सबके साथ शेयर करते हैं और हम एक दूसरे का ध्यान रखने वाले लोगों की मज़बूत कम्युनिटी को बढ़ावा देने वाले सामाजिक प्रभाव टूल की मदद से लोगों को एक-दूसरे के और करीब ले आते हैं.



## लोगों के साथ-साथ पर्यावरण का पूरा ध्यान रखने वाली दुनिया बनाने का मतलब है कि हम:

- काम करने की बेहतर स्थितियों का समर्थन करने और Meta तथा Meta सप्लाय चेन में मानव तस्करी पर रोक लगाने सहित अन्य मानवाधिकारों का सम्मान करें और उन्हें बढ़ावा दें
- हमारी सभी पॉलिसी, व्यवहारों और प्रोडक्ट में उपेक्षित कम्युनिटी के नागरिक अधिकारों और अनुभव का विस्तार करें ताकि सभी कम्युनिटी हमारी टेक्नोलॉजी पर फल-फूल सकें
- सामाजिक और नस्लीय न्याय को बढ़ावा देने वाले संगठनों का समर्थन करें और उनमें निवेश करें
- Meta के पूरी दुनिया के संचालन में ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन शून्य पर लाने और ऊर्जा की ज़रूरतों के लिए पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर होने के लिए प्रतिबद्ध हों
- Meta के ऑफ़िस और डेटा सेंटर में संसाधनों का कम से कम उपयोग करने वाली डिज़ाइनों, मानकों और प्रमाणीकरणों का उपयोग करें
- Meta ऑफ़िस और कैफ़े में रीसाइकल करें, कंपोस्ट करें और सीमित कचरा करने का दृष्टिकोण अपनाएँ
- चैरिटेबल दान, क्राइसिस रिस्पॉन्स और रक्तदान जैसे टूल बनाएँ ताकि लोग अपने शौक और पसंदीदा गतिविधियों में मदद पा सकें
- दुनिया भर में सभी के लिए इंटरनेट, टेक्नोलॉजी और Meta प्लेटफ़ॉर्म की एक्सेस को ज़िम्मेदारी के साथ बढ़ावा दें
- नागरिकों के तौर पर जुड़े लोगों की कम्युनिटी को बढ़ावा देने के लिए ऐसे टूल तैयार करें जिनसे लोग वोटिंग के बारे में जान सकें

और मार्गदर्शन:

- **Meta सोशल इंपैक्ट**
- **Meta और पर्यावरण**
- **नागरिक अधिकार**
- **अनुदान और दान पॉलिसी**
- **मानवाधिकार पॉलिसी**
- **ज़िम्मेदार खनिज पॉलिसी**

# Meta की मानवाधिकारों से संबंधित प्रतिबद्धता

Meta का उद्देश्य हमेशा से सकारात्मक सामाजिक प्रभाव लाना रहा है. मानवाधिकारों का सम्मान करने की हमारी प्रतिबद्धता उस प्रभाव को परिभाषित करने और सशक्त बनाने में हमारी मदद करती है.

Meta दुनिया भर में माने जाने वाले मानवाधिकारों का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध है. इनमें प्राइवेसी और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार तथा मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में परिभाषित अन्य अधिकार एवं अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के घोषणा-पत्र में बताए गए कार्यस्थल के आधारभूत सिद्धांत और अधिकार शामिल हैं.

हम इस प्रतिबद्धता को Meta के कम्युनिटी स्टैंडर्ड, हमारी **कॉर्पोरेट मानवाधिकार पॉलिसी**, हमारे प्रोडक्ट के इंटीग्रिटी से संबंधित कार्य और मानवाधिकार जोखिमों को पहचानने, रोकने और मैनेज करने के तरीकों की मदद से पूरा करते हैं, मानवाधिकारों के जोखिमों में सरकार की ओर से कंटेंट को हटाने के एकपक्षीय अनुरोधों, सप्लाय चेन की समस्याओं या विवादों को उकसाने के लिए हमारे प्लेटफ़ॉर्म का दुरुपयोग करने वाले लोगों से संबंधित जोखिम शामिल होते हैं. हमारी कानूनी, पॉलिसी से संबंधित, संचालन और प्रोडक्ट टीम हर दिन यह सुनिश्चित करने के लिए काम करती हैं कि हम मानवाधिकारों का सम्मान करें – और यह बेहद मुश्किल लेकिन महत्वपूर्ण काम है.

**मानवाधिकार Wiki**

# Meta की नागरिक अधिकारों से संबंधित प्रतिबद्धता

नागरिक अधिकार, लोगों को अनुचित व्यवहार और भेदभाव से मुक्त रहने के अधिकार देते हैं.

कंपनी के रूप में, हमें अपने हर काम में नागरिक अधिकार सिद्धांतों को ऊपर रखना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहना चाहिए कि हमारी हर टेक्नोलॉजी को उन्हें ध्यान में रखकर बनाया जाए. सिर्फ़ तभी हम अपने प्रोडक्ट में समानता को सचमुच बढ़ावा दे पाएँगे और एक ऐसी जगह बना पाएँगे जहाँ सभी लोगों को समानता, गरिमा और बोलने का अधिकार मिले. इसी प्रतिबद्धता के चलते Meta ने स्वतंत्र नागरिक अधिकार विशेषज्ञों की नियुक्ति की है जिनका काम हर दो वर्ष में स्वैच्छिक नागरिक अधिकार ऑडिट करना है. 2020 में इस ऑडिट के परिणामस्वरूप, हमने अपनी नागरिक अधिकार टीम बनाई जो टेक्नोलॉजी इंडस्ट्री और कॉर्पोरेट अमेरिका की नागरिक अधिकारों के लिए समर्पित, VP के नेतृत्व वाली एकमात्र टीम है. नागरिक अधिकार टीम का काम भेदभाव न होने देने, निष्पक्षता रखने और न्याय देने पर केंद्रित है, जो हमारे सभी यूज़र्स के लिए पॉलिसी, प्रोडक्ट और व्यवहार बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं. जब हम नागरिक अधिकारों को ध्यान में रखकर कोई निर्माण करते हैं, तो हम शुरुआत से ही अपनी पॉलिसी, प्रोडक्ट और व्यवहारों को बेहतर बना सकते हैं ताकि अलग-अलग कम्युनिटी को हमारे प्लेटफ़ॉर्म पर समान अनुभव मिले, न कि समाज में मौजूद असमानताओं को बल मिले. हम ऐसी टेक्नोलॉजी बनाने में विश्वास करते हैं जिन पर सभी कम्युनिटी फल-फूल सकें.

**नागरिक अधिकार Wiki**

## Meta की पर्यावरण के लिए प्रतिबद्धता

Meta ने हमारी अलग-अलग कम्युनिटी और पूरी दुनिया पर प्रभाव डालने वाले आठ क्षेत्रों में अपनी प्रतिबद्धताएँ निर्धारित की हैं:

1 **जलवायु:** कंपनी के कामकाज में उत्सर्जित होने वाली ग्रीनहाउस गैसों को 75% तक कम करना

2 **नवीकरणीय ऊर्जा:** संचालन के लिए पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा पर निर्भर होने के लिए प्रतिबद्ध

3 **जल का ज़िम्मेदारी से उपयोग:** Meta के सारे कामकाजों में जल के बेहतर प्रबंधन को प्राथमिकता देना

4 **नई चीज़ें बनाना:** पर्यावरण की सुरक्षा के लिए नए समाधान विकसित करना

5 **सहयोग:** पर्यावरण की सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं पर तेज़ी से कार्रवाई करने के लिए दूसरों के साथ साझेदारी करना

6 **ज़िम्मेदार सप्लाय चेन:** कार्यस्थल पर काम करने का अच्छा माहौल देना और पर्यावरण का ध्यान रखने वाले तौर-तरीके अपनाना

7 **पर्यावरण की सुरक्षा का ध्यान रखने वाले डेटा सेंटर:** ऊर्जा की कम से कम खपत करने वाले दुनिया के कुछ सबसे अच्छे डेटा सेंटर परिसर का संचालन करना

8 **पर्यावरण का ध्यान रखने वाले कार्यस्थल:** कर्मचारी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने वाले और पर्यावरण का ध्यान रखने वाले कार्यस्थल बनाना



# अनुपालन और आचार संहिता के अन्य पहलू

## छूट और संशोधन

कुछ बहुत ख़ास परिस्थितियों में, इस आचार संहिता से छूट माँगी जा सकती है. Meta के मुख्य अनुपालन अधिकारी, कार्यकारी अधिकारियों या वरिष्ठ वित्तीय अधिकारियों को छोड़कर Meta के अन्य कर्मचारियों को कुछ छूट दे सकते हैं. Meta के निदेशक मंडल, कार्यकारी अधिकारी या वरिष्ठ वित्तीय अधिकारी के लिए इस आचार संहिता में कोई छूट देने या बदलाव करने से पहले उनकी स्वीकृति निदेशक मंडल से ली जानी चाहिए और लागू कानूनों और नियमों के तहत आवश्यकता के अनुसार उनके बारे में तुरंत बताया जाना चाहिए, इनमें उस स्टॉक एक्सचेंज के नियम भी शामिल होते हैं, जिस पर Meta के कॉमन स्टॉक ट्रेडिंग के लिए सूचीबद्ध होते हैं. इस आचार संहिता के किसी भी प्रावधान में संशोधन के लिए Meta के निदेशक मंडल की मुआवजा, नामांकन और प्रशासकीय समिति से तथा अगर ज़रूरी हो, ऑडिट एवं जोखिम पर्यवेक्षी समिति से स्वीकृति ली जानी चाहिए और लागू कानूनों और नियमों के तहत आवश्यकता के अनुसार संशोधनों के बारे में तुरंत जानकारी दी जानी चाहिए.

## विवाद

इस आचार संहिता तथा स्थानीय कानून या नियमों के बीच कोई विरोधाभास पाए जाने पर, इस आचार संहिता के केवल वही सेक्शन लागू होंगे, जिनकी अनुमति लागू कानूनों और नियमों में होगी. आचार संहिता की बाध्यता या कानून के विरोधाभास के संबंध में अगर आपके कोई सवाल हों, तो कानूनी विभाग से संपर्क करें. Meta की आचार संहिता या अन्य पॉलिसी के किसी भी हिस्से का उद्देश्य किसी कर्मचारी को नेशनल लेबर रिलेशंस एक्ट के तहत मिले अधिकारों का उल्लंघन करना या उसे अपने अधिकारों का उपयोग करने से रोकना नहीं है.

Wiki पर आपके क्षेत्र या देश में लागू अतिरिक्त प्रासंगिक दिशानिर्देश उपलब्ध हो सकते हैं और वे इस आचार संहिता में दिए गए दिशानिर्देशों में मौजूद किसी भी असंगतता की सीमा तक ही मान्य होंगे.

इस आचार संहिता के अंग्रेज़ी संस्करण और किसी दूसरी भाषा में अनुवादित संस्करण के बीच कोई असंगतता पाए जाने पर, कानून द्वारा जिस सीमा तक अनुमति होगी, उस सीमा तक अंग्रेज़ी संस्करण ही मान्य होगा.

## ट्रेनिंग

यह आचार संहिता और इसमें बताई गई Meta की पॉलिसी कर्मचारियों को हमेशा याद रहें, यह सुनिश्चित करने के लिए उन्हें ट्रेनिंग देना ज़रूरी है. यह एक ऐसा फ़ोरम होता है, जहाँ इस आचार संहिता का कंटेंट वास्तव में समझ में आता है और यह Meta के कर्मचारियों द्वारा Meta की पॉलिसी को समझने का महत्वपूर्ण हिस्सा होता है. इसलिए Meta के सभी कर्मचारियों को ज़रूरी ट्रेनिंग, जिसमें आवश्यकता के अनुसार आचार संहिता और Facebook की पॉलिसी की ट्रेनिंग शामिल होती है, ज़रूर पूरी करनी चाहिए और ऐसा न करने के परिणामस्वरूप अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है या रोज़गार या असाइनमेंट समाप्त किया जा सकता है.

# हमारे मिशन को पूरा करना सबकी ज़िम्मेदारी है

Meta में हमारी पहुँच और प्रभाव के लिए ज़रूरी है कि हम खुद से सबसे बेहतर स्टैंडर्ड तक पहुँचने का वादा करें और उस लक्ष्य तक पहुँचने के लिए अपनी ज़िम्मेदारी समझें, ताकि हम ऐसी टेक्नोलॉजी बना सकें जिसका समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़े, लोग सुरक्षित रहें और जो सबके लिए उपयोगी हो. हम सभी को हमारा मिशन पूरा करने की कोशिश करनी चाहिए.

इस विचार के साथ और ज़िम्मेदारी से काम करने पर ध्यान देकर, हम साथ मिलकर, अपने पार्टनर के साथ और दुनिया भर में जिन अरबों लोगों को हम अपनी सेवाएँ देते हैं, उनके लिए - नई चीज़ें बनाना जारी रख सकते हैं.



Meta